नई सोच, नया आयाम

जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 169 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 23 अप्रैल 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -7 पर

स्वीप के तहत साप्ताहिक बाजार में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

पेज -8 पर

नक्सली आत्म समर्पण करे अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहे-अमित शाह

यह चुनाव देश के दुश्मनों को सबक सिखाने वाला चुनाव है- बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर । सोमवार को चंद्रखुरी में चुनावी रैली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा ने पार्टी प्रत्याशी मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल के लिए वोट मांगे।

इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने जेपी नड्डा का स्वागत करते हुए कहा कि, उनके नेतृत्व में केंद्र में दो बार भाजपा की सरकार बन चुकी है और तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। अग्रवाल ने कहा कि यह चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है यह भारत को विश्व गुरु बनाने वाला चुनाव है। यह चुनाव देश के दुश्मनों को सबक सिखाने वाला चुनाव है।

यह चुनाव अयोध्या में भांजे प्रभु श्री राम का मंदिर बनाने के लिए मोदी जी को धन्यवाद देने वाला चुनाव है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के नेतृत्व में देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। देश तेजी से उन्नति कर रहा है। यहां के गरीब, किसान, युवा, महिला सभी लोगों को तरक्की के समान अवसर प्रदान किया जा रहे हैं। जहां एक तरफ किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल रहा है तो वही गरीबों के लिए भोजन सुनिश्चित करते हुए हर परिवार को प्रत्येक महीने मुफ्त राशन दिया जा रहा है। युवाओं को कौशल विकास के जरिए रोजगार के नए-नए रास्ते उपलब्ध कराए जा रहे हैं। तो वहीं महिलाओं को आत्म सम्मान और आत्मनिर्भर बनाने महिलाओं को 1000 प्रति महीने दिया जा रहा है। साथ ही गांव की महिलाओं को स्व सहायता समूह के जरिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पिछले 10 सालों में मोदी जी ने 25 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है। बृजमोहन अग्रवाल ने देश को सम्राट और खुशहाल बनाने के लिए लोगों से एक बार फिर से भाजपा को वोट देने और मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

संक्षिप्त समाचार

आईएएस सोनमणि बोरा बनाए गए प्रमुख सचिव

रायपुर। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से हाल ही में लौटे 1999 बैच के IAS सोनमणि बोरा को राज्य सरकार ने पोस्टिंग दी है। सरकार ने उन्हें आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग का प्रमुख सचिव बनाया है। छत्तीसगढ़ कैडर के IAS सोनमणि बोरा केंद्र में 2019 से लैंड मैनेजमेंट जॉइंट सेक्रेटरी थे। उनके आने से प्रदेश में अभी दो प्रमुख सचिव हो गए हैं।

अस्पताल के बाहर खड़ी एंबुलेंस में लगी आग, मची अफरा तफरी

अस्पताल के बाहर खड़ी एंबुलेंस में लगी आग

रायपुर। राजधानी रायपुर के एक अस्पताल के बाहर बड़ा हादसा हो गया। अस्पताल परिसर में खड़ी एंबुलेंस में देखते ही देखते आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली की आसपास के लोगों को भागना पड़ा। आनन फानन में फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना भाटागांव इलाके में हई। यहां बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास कुछ एम्बुलेंस खड़ीं थीं। इन्हीं में अचानक आग लगी। ये गाड़ियां खराब थीं और अस्पताल के बाहर पार्क की गईं थीं। अस्पताल के बाहर 4 खराब एम्बुलेंस रखी गईं थीं इन्हीं में आग लगी। पहले एक एम्बुलेंस में आग लगी इसके बाद पास खड़ी दो गाड़ियां भी जल गईं। तेजी से आग फैलता देख आसपास के लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं हो पाई है।

आज कल राजधानी में रहेंगे पीएम

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा है। इस बीच वो रायपुर के राजभवन में वो 23 अप्रैल की रात से 24 अप्रैल की सुबह तक ठहरेंगे। जिसके लिए माना एयरपोर्ट से लेकर सिविल लाइन स्थित राज भवन तक पुलिस ट्रैफिक कई जगह डाइवर्ट करेगी। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस इस दौरान एयरपोर्ट के मुसाफिरों के लिए एडवाइजरी जारी की है कि वो समय से पहले निकले। पीएम मोदी 23 अप्रैल की शाम 6 से 8 बजे के बीच माना एयरपोर्ट से फुण्डहर चौक एक्सप्रेस वे होते हुए शंकर नगर चौक से भगत सिंह चौक, फिर वहां से जीई रोड होते हुए राजभवन जाएंगे। अगले दिन 24 अप्रैल को सुबह 8 से 10 बजे के बीच वह इसी रूट से वापस एयरपोर्ट जाएंगे। इस दौरान इस रूट में आम नागरिकों के आवागमन में रोक रहेगी। एयरपोर्ट जाने वाले यात्री निम्नानुसार वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर आवागमन कर सकते है।

छत्तीसगढ़ में बीजेपी अध्यक्ष ने कहा-INDI अलायंस बेल पर या जेल में, मोदी राजनीति को विकासवाद पर ले गए

कांग्रेस सदा राम-सनातन विरोधी रही - जेपी नड्डा

लोरमी। छत्तीसगढ़ पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस और INDI अलायंस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, INDI अलायंस को घमंडिया और भ्रष्टाचारी बताया। कहा कि, ये अलायंस या तो जेल में हैं या फिर बेल पर है। नड्डा ने कहा कि, कांग्रेस सदा-सदा राम और सनातन विरोधी रही है।

नड्डा ने कहा कि, इसी कांग्रेस की सरकार थी। यूपीए सरकार में मनमोहन सिंह पीएम थे। उन्होंने कोर्ट में एफिडेविट दिया था कि राम काल्पनिक है। राम का कोई ऐतिहासिक वजूद नहीं है। नड्डा ने सोमवार को मुंगेली के लोरमी, भिलाई और रायपुर के चंदखुरी में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस ने राम मंदिर के उद्घाटन के निमंत्रण को ठुकरा दिया। इनका साथी स्टालिन सनातन धर्म को डेंगू कहता है, एड्स कहता है और कांग्रेस पार्टी बिल्कुल चुप रहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि, कांग्रेस को देश विरोधी ताकतों को समर्थन देने में मजा आता है।

कांग्रेसी पूछते थे कि अयोध्या में राम मंदिर बनाओगे, लेकिन तिथि नहीं बताओग। आपके आशीर्वाद से मोदी जी ने इस 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कर कांग्रेस को जवाब दे दिया।

नासिर हुसैन के राज्यसभा सदस्य बनने पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हैं। बाटला एनकाउंटर में आतंकवादियों मारे जाने पर सोनिया गांधी आंसू बहाती हैं। कांग्रेस पार्टी राम विरोधी, देश विरोधी है।

मोदी जी बोलते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, वहीं दूसरी ओर घमंडिया अलायंस बोलता है कि भ्रष्टाचारियों को बचाओ। INDI अलायंस परिवारवाद का जमावड़ा है। ये सभी परिवार को बचाने में लगी हुई पार्टियां हैं।

एक ऐसा जमाना था, जब इंदिरा आवास योजना के तहत एक पंचायत में सिर्फ दो घर मिलते थे। आज पीएम आवास योजना के तहत पूरे देश में 4 करोड़ पक्के घरों का निर्माण हुआ है। आने वाले पांच वर्षों में 3 करोड़ और पक्के घर बनाए जाएंगे। ये मोदी की गारंटी है।

पीएम ने तय किया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और आपके 6000 रुपए जोड़ कर अगले 5 साल तक किसान सम्मान निधि चलती रहेगी। इसी तरह गरीब कल्याण अन्न योजना चलता रहेगा और 3 करोड़ दीदी को हम लखपति दीदी बनाएंगे।

सीएम विष्णुदेव साय का बड़ा बयान

नक्सलियों के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस का करना होगा खात्मा-मुख्यमंत्री साय

रायपुर। छत्तीसगढ़ समेत देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर अभूतपूर्व उत्साह है. मैं लगातार छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट का दौरा कर रहा हूं. शहर से लेकर दूरस्थ अंचल तक पीएम मोदी और उनकी अगुआई में चल रही डबल इंजन की सरकार को लोग अपना स्नेह और आशीर्वाद दे रहे हैं.

ये कहना है प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जो एक साक्षात्कार में हुए प्रश्नों का जवाब दिए. सीएम साय ने कहा कि मतदाता इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट करके विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करना चाहते हैं. हमारे पास विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है. केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं लोगों के जीवन स्तर में बदलाव लेकर आई हैं. हम छत्तीसगढ़ में सभी 11 लोकसभा सीट जीतकर भाजपा के अबकी बार 400 पार के नारे को सफल बनाएंगे. भूपेश बघेल और कांग्रेस की ओर से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हो रही मुठभेड़ को फर्जी कहने पर मुख्यंत्री साय ने इसे कांग्रेस का चरित्र बताया. उन्होंने कहा कि नक्सल समस्या को लेकर कांग्रेस का हमेशा दोहरा चरित्र रहा है और उन्हें लगता है कि नक्सल समस्या के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस को खत्म करना होगा. वो बोले हमारे वीर जवानों ने 16 अप्रैल को कांकेर के छोटेबेठिया क्षेत्रांतर्गत बिनागुंडा और कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया गया है.

यह छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान को मिली अब तक की सबसे बड़ी ऐतिहासिक सफलताओं में एक है. हमारे जवानों के इस पराक्रम पर गर्व की जगह कांग्रेस एनकाउंटर पर सवाल उठा रही है. नक्सलियों को शहीद बताने वाली कांग्रेस के हाथ नक्सलवाद के खून में रंगे हैं. मोदी जी जब से प्रधानमंत्री बने हैं, नक्सलवाद में कमी आई है. राज्य के एक छोटे से हिस्से में सिमटे नक्सलवाद को हम जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं. सीएम साय ने कहा कि हम एक ओर जहां नीयद नेल्लानार जैसी योजनाओं की बदौलत विकास और सुशासन से नक्सलवाद को परास्त कर रहे हैं।

भीषण सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत

तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर

धमतरी। ओडिशा के रायघर में भीषण सड़क हादसा हो गया. यहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया. इसमें छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के तीन लोगों की मौत, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है. मिली जानकारी के अनुसार, 8 ग्रामीण सभी धमतरी निवासी एक ऑटो में सवार होकर दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे. इस दौरान ओडिशा के नबरंगपुर जिले के रायघर थाना इलाके के धदरापारा गांव के जोड़ेगा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 गंभीर रूप से घायल हैं. वहीं इस घटना में ऑटो के परखच्चे उड़ गए हैं.

रिटायर्ड शिक्षिका और उनकी बेटी को पुलिस ने अवैध रूप से किया गिरफ्तार

न्यायालय ने लगाया 3 लाख का जुर्माना

बिलासपुर। पड़ोसी से बाउंड्री वॉल बनाने के विवाद को लेकर शिकायत करने पहुंची रिटायर्ड शिक्षिका और उनकी इंजीनियर बेटी को सिविल लाइन पुलिस ने पुलिस ने अवैध तरीके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों को 30 घंटे के बाद जमानत पर रिहा किया गया। दोनों ने संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर याचिका लगाई थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने पुलिस को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन का जिम्मेदार ठहराते हुए मां को एक लाख रुपए और बेटी को दो लाख रुपए जुर्माना देने के आदेश राज्य सरकार को दिए हैं।

30 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने कहा गया है। ग्रीन गॉर्डन कॉलोनी के पीछे नंदन विहार, मंगला में रहने वाली रिटायर्ड शिक्षिका अंजू लाल और उनकी बेटी दीक्षा लाल ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी। इसमें बताया था कि उन्होंने अंग्रेजी और सोशियोलॉजी में एमए किया है और रिटायर्ड शिक्षिका हैं। उनकी बेटी ने बीई सिविल के बाद बीएड किया और वर्तमान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं। उनका आरोप है कि उनके पड़ोसी सड़क की जमीन पर बाउंड्री वॉल बना रहे हैं। इसी बात की शिकायत करने पर सिविल लाइन पुलिस ने 16 सितंबर 2023 को मां-बेटी को ही उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। दोनों को दोपहर करीब 12.30 बजे गिरफ्तार करने के बाद एक कमरे में बंद कर दिया गया।

इधर, हाई कोर्ट के नोटिस के जवाब में पुलिस की तरफ से बताया कि पुलिस शिकायत की जांच करने मौके पर पहुंची थी। पता चला कि पड़ोसी सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर अपनी जमीन पर वैध तरीके से बाउंड्री वॉल बना रहे थे।

पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को नहीं मिली राहत

कोर्ट ने दो दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल

रायपुर। आबकारी घोटाले मामले में गिरफ्तार रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा की एक दिन की न्यायिक रिमांड पूरी होने के बाद वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया. मामले में सुनवाई के दौरान डिस्ट्रिक जज ने टुटेजा को 2 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया है. अब PMLA कोर्ट के स्पेशल जज के छुट्टी से वापस आने पर 24 अप्रैल को पेश कर रिमांड लेने के डिस्ट्रिक जज (डीजे) कोर्ट ने निर्देश दिए हैं. बता दें कि शनिवार को ईडी ने ACB/EOW ऑफिस से अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टूटेजा को समन देकर अपने साथ पुछताछ के लिए अपने साथ लेकर जोनल ऑफिस चली गई थी. जहां दोनों से लंबी पुछताछ के बाद अलसुबह यश टुटेजा को छोड़ दिया लेकिन अनिल टुटेजा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेशकर 14 दिन की रिमांड मांगी थी लेकिन रविवार छुट्टी होने के कारण लगे हॉलीडे कोर्ट में पेश किया गया. जहां ईडी ने अनिल टुटेजा से ईडी द्वारा आबकारी घोटाले मामले में दर्ज की गई फ्रेश ECIR में पूछताछ करने लिए 14 दिन की ईडी रिमांड मांगी थी. दोनों बचाव और ईडी के वकीलो की बहस सुनने के बाद JMFC कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखने के बाद देर शाम अनिल टुटेजा को एक दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया.

सीएम योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान, कहा- एक तरफ अयोध्या में प्रभु राम हुए विराजमान

दूसरी तरफ यूपी के माफिया और अपराधियों का हो गया 'राम नाम सत्य'

बिलासपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में सभा को संबोधित किया. विशाल सभा के मंच से सीएम योगी बीजेपी के प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार किया. वहीं मंच पर मंत्री दयालदास बघेल, विधायक सुशांत शुक्ला, धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल समेत क्षेत्र के विधायक और बीजेपी नेता मौजूद रहे. इस दौरान सीएम योगी ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि एक तरफ अयोध्या में प्रभु राम साक्षात विराजमान हो गए हैं और दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के माफिया और अपराधियों का राम नाम सत्य है भी हो गया है.

सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया. ननिहाल किसे अच्छा नहीं लगता, 500 साल बाद रामलला विराजमान हुए हैं. यूपी में जितना उत्साह है उससे ज्यादा उत्साह छग में है. ये काम कांग्रेस कर पाती क्या ? कांग्रेस ने राम और कृष्ण के अस्तित्व को ही नकार दिया. सनातन संस्कृति को बचाने के लिए यहां के लोगों ने बीड़ा उठाया. राम मंदिर बन गया, तो कांग्रेसी कहते है राम तो सबके हैं. जहां कांग्रेस की सत्ता आती है, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, उग्रवाद का बढ़ावा दिया. धारा 370 का प्रावधान कर दिया, जिसे बीजेपी सरकार ने हटाया.

सीएम योगी ने आगे कहा कि कश्मीर से धारा 370 हट गया, अब आतंकवाद पनप नहीं पाएगा. अब पटाखा जोर से फुट जाए तो पाकिस्तान कहता है, मेरा हाथ नहीं है. पाकिस्तान अगर ऐसा करेगा तो उसे लेने के देने पड़ जाएंगे. पाकिस्तान की आबादी यूपी से भी कम है, लेकिन वहां के लोग भूखों मर रहे हैं. यहां पीएम मोदी देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त चावल दे रहे हैं. गरीब के लिए आवास है, आपकी आस्था के लिए अयोध्या में राम मंदिर है.

गलत वोट से घोटाले होते हैं - सीएम योगी

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सीएम योगी ने कहा, कांग्रेस का पेट इतना बड़ा है, जो कभी भरने वाला नहीं है. कांग्रेस समस्या है, जिसका बीजेपी समाधान है. सही वोट तो सही सरकार, सही सरकार तो सही निर्णय. गलत वोट से घोटाले होते हैं. कोयला, शराब और पीएससी घोटाला होता है. घोटालों की श्रृंखला कांग्रेस की पहचान बन चुकी है. उन्होंने कहा कि सही वोट का असर उत्तर प्रदेश में देखा जा सकता है. 7 साल में एक भी दंगा नहीं हुआ, कोई कर्फ्यू नहीं लगा. अयोध्या में त्रेतायुग की वापसी हुई है. देश को विकसित भारत बनाने के लिए देश में डबल इंजन का मॉडल होना चाहिए।

अपराधों के दुश्चक्र में नाबालिग... सही-गलत की पहचान कराना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए

जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताब और बैट-बॉल जैसी चीजें शोभा देती हैं, उस उम्र के बच्चों के हाथों में चाकू-छुरे जैसी चीजें देखना दिल दहला देने वाली घटना है। हाल के कुछ वर्षों में नाबालिग बच्चों द्वारा अपराध की घटनाओं में तेजी दिख रही है। हाल ही में तिमारपुर इलाके में महज माचिस देने से मना करने पर एक नाबालिग ने 21 साल के युवक की चाकू से हत्या कर दी। साल भर पहले भी उसी नाबालिग ने महज कंधा टकराने पर 16 साल के एक नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी।

उसके बाद कुछ समय तक बाल सुधार गृह में रहने के बाद वह बाहर आ गया। वहीं 2023 के अंत में दक्षिण पूर्वी जिले के बदरपुर इलाके में तीन नाबालिगों ने किशोरी दोस्त के साथ गैंगरेप किया और वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ये घटनाएं आपराधिक मामलों में नाबालिगों की संलिप्तता की बानगी हैं।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों की मानें, तो वर्ष 2022 में देश में नाबालिगों द्वारा कुल 30,555 अपराध किए गए, जिनमें झपटमारी, लूटपाट, वाहन चोरी, घरों में चोरी, ठगी की वारदातें और यहां तक कि दुष्कर्म के मामले भी शामिल हैं। आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं के साथ किए गए अपराधों में 3,545 नाबालिगों के खिलाफ

> नाबालिगों द्वारा बढ़ते अपराध को कम करने के लिए सही सजा का प्रावधान हो, ताकि ऐसे अपराधों पर नियंत्रण किया जा सके।

कार्रवाई की गई थी, जिनमें से 345 मामले जबरन शादी के इरादे से महिलाओं के अपहरण से संबंधित मामले पाए गए। नाबालिगों द्वारा अपराध के मामले में देश की राजधानी 2,340 से अधिक मामलों के साथ छठे स्थान पर है। वहीं पहले स्थान पर महाराष्ट्र(4,406), फिर मध्य प्रदेश (3,795) और राजस्थान (3,063) हैं।

नाबालिगों द्वारा अपराध के मामलों में इजाफे का क्या कारण है? क्या इन सबके पीछे का कारण दोषपूर्ण परवरिश व सामाजिक माहौल में बदलाव है या नई तकनीकी दुनिया। फरवरी 2024 में बिहार से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी, जिसमें मरने से पहले इंसान को तड़पता हुआ देखने के लिए तीन नाबालिग लड़कों ने कैब ड्राइवर को इतनी बेरहमी से मौत के घाट उतारा कि किसी की भी रुह कांप जाए। एक ने ड्राइवर के गले में फंदा डाला, तो दूसरे ने ड्राइवर के गले में कील घोंप दी। इसके बाद वे रस्सी से ड्राइवर का गला तब तक कसते रहे, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। पुलिस के सामने उन्होंने कबूला कि उसकी जान निकलते देखने में उन्हें बहुत आनंद आ रहा था। उन्होंने यह भी कबूला कि कत्ल करने का यह तरीका उन्होंने यूट्यूब से सीखा और उस ड्राइवर से उनकी न तो जान-पहचान थी और न ही कोई दुश्मनी।

पुलिस के लिए भी ऐसी विकृत मानसिकता चिंता का कारण बनी हुई है, क्योंकि ऐसे संगीन अपराधों में भी नाबालिगों को कड़ी सजा देने का प्रावधान नहीं है। उन्हें बाल सुधार केंद्र भेज दिया जाता है या उनकी काउंसिलिंग करा कर ही घर भेज दिया जाता है, जिस कारण कई बार बड़े-बड़े अपराधी उनका फायदा उठाते हैं और उन्हें अपराध के दलदल में फंसा देते हैं। बालमन को पैसों का मोह, मौज-मस्ती तेजी से अपनी ओर आकर्षित करता है। अपराध से जुड़ी फिल्मों और वेब सीरीज का भी बच्चों के दिमाग पर बुरा असर पड़ता है और उनमें आपराधिक मानसिकता को बढ़ावा देता है।

बच्चे देश के भावी नागरिक होते हैं। यदि इनका भविष्य संवर गया, तो देश का विकास मुमकिन है और यदि इसी गति से नाबालिगों के अपराध के ग्राफ में बढ़ोतरी होती रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब देश पर माफिया का राज होगा। इसलिए जरूरी है कि नाबालिगों द्वारा बढ़ते अपराध को कम करने के लिए सही सजा का प्रावधान हो और ऐसी नीति बनाई जाए कि बच्चों को जुल्म की दुनिया में कदम रखने से रोका जा सके।

नाबालिगों को उसके अपराध की प्रकृति के आधार पर सजा का उचित प्रावधान होना चाहिए, ताकि जघन्य अपराधों की तरफ रुख करने से बालमन बचा रहे व कोई उन्हें बहला-फुसलाकर अपराध की राह पर न धकेल सके।

सरकार, समाज, माता-पिता, अभिभावकों को बच्चों के बेहतर व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें नैतिक शिक्षा देनी चाहिए और स्वस्थ सामाजिक-सांस्कृतिक वातावरण प्रदान करना चाहिए। 11 से 16 वर्ष की किशोरावस्था किसी भी बच्चे के व्यक्तित्व निर्माण के लिए महत्वपूर्ण समय होता है, इसलिए इस उम्र में उन्हें सही-गलत की पहचान कराना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि स्वस्थ मानसिकता के साथ बच्चे अपनी जिम्मेदारी को समझ सकें और अपने परिवार का ही नहीं, बल्कि पूरे देश का गौरव बन सकें।

दीपिका शर्मा

संपादकीय

आकषर्ण समाज के हर वर्ग में हैं

इस समय लोक सभा चुनाव को लेकर कई तरह के मत हमारे सामने आ रहे हैं। सबसे प्रबल मत यह है कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अपने सहयोगी दलों के साथ तीसरी बार भारी बहुमत से सरकार में लौट रही है। कुछ लोग प्रधानमंत्री के 370 भाजपा के और सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें मिलने तक की भी भविष्यवाणी करने लगे हैं। दूसरी ओर, विपक्ष इसे खारिज करते हुए कहता है कि भाजपा चुनाव हार रही है और वह 200 सीटों से नीचे चली पाएगी। विपक्ष भाजपा की आलोचना करती है, नरेन्द्र मोदी पर सीधे प्रहार भी करती है, पर अपने समर्थकों और भाजपा विरोधियों के अंदर भी विश्वास नहीं दिला पाती कि वाकई वह भाजपा से सत्ता छीनने की स्थिति में चुनाव लड़ रहे हैं। आईएनडीआईए गठबंधन (इंडिया) की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस से नेताओं के छोड़कर जाने का कायम सिलसिला इस बात का प्रमाण है कि पार्टी के अंदर कैसी निराशा और हताशा है। तो फिर इस चुनाव का सच क्या हो सकता है? आखिर 4 जून का परिणाम क्या तस्वीर पेश कर सकता है? इस चुनाव की एक विडंबना और है। भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का एक वर्ग स्वयं निराशाजनक बातें करता है। व्यक्तिगत स्तर पर मेरी ऐसे अनेक लोगों से बातें होती हैं, जो चुनाव में जमीन पर हैं या वहां होकर लौट रहे हैं। इनमें ऐसे लोगों की संख्या बड़ी है जिनमें उत्साह या आशावाद का भाव न के बराबर मिलता है। वे बताते हैं कि जैसी दिल्ली में या बाहर हवा दिखती है धरातल पर वैसी स्थिति नहीं है।

युवाओं के लिए बचत जरूरी, जल्दी करें शुरुआत

कम माने वाले युवाओं को एक बहुत ही अजीब स्थिति का सामना करना पड़ता है। पैसे के साथ क्या करना है, इसपर उनका सही से मार्गदर्शन करने वाला कोई नहीं होता है। इसके अभाव में वे पैसे को संभालने के बारे में अनिश्चितता की स्थिति में आ जाते हैं। मेरे मित्र विवेक की बेटी संजना 22 साल की है। वह एक बड़ी परामर्श कंपनी में डाटा विश्लेषक के रूप में काम करती है। साथ ही, अकाउंटेंसी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही है। उसने बताया कि कैसे उसे क्रेडिट कार्ड का बकाया चुकाने में कठिनाई हो रही है। ऐसे कई युवा हैं, जिन्हें वित्तीय लक्ष्य हासिल करने के लिए इंतजार करने की कोई समझ नहीं होती है। अभी की पीढ़ी वित्तीय सलाहकार व विशेषज्ञों पर इतनी निर्भर है कि वे वित्तीय धोखाधड़ी और गलत बिक्री के शिकार हो जाते हैं। वे भारी रिटर्न कमाने के सपने में आसानी से फंस जाते हैं और उन

वित्तीय साधनों में निवेश कर देते हैं, जिनके बारे में उन्हें कोई समझ नहीं होती है।

संजना से मैंने पूछा, क्या उसे पैसों का प्रबंधन चुनौतीपूर्ण लगता है। उसने बताया कि वह टिकट बुक करने, खरीदारी करने, आपात स्थिति में पैसे उधार लेने और खाना ऑर्डर करने के लिए एप पर निर्भर है। एप प्रत्येक यात्रा पर लॉयल्टी पॉइंट व रिवार्ड देते हैं। यह उसे उनके एप को बार-बार देखते रहने और अपनी छुट्टियों की पहले से योजना बनाने को प्रोत्साहित करता है।

बढ़ती महंगाई पर भी रखें नजर

मैंने उसे बताया कि एप की तरह कई विशेषज्ञ और सेवाएं हैं जो उसके वित्तीय जीवन को आसान बना सकते हैं। उसे बचत का महत्व समझाया।साथ ही, यह भी बताया कि महंगाई को मात देने के लिए उसे इस उम्र से ही निवेश करना चाहिए ताकि उसके पैसे का मूल्य समय के साथ बरकरार रहे।

वित्तीय समझदारी बहुत जरूरी

घर पर खाना पकाने के लिए सॉल्यूशंस प्रोवाइडर जैसी वित्तीय सेवाओं के बारे में सोचें। पता करने की कोशिश करें कि आपके पास उनसे निपटने का रास्ता कैसा होगा। कुछ हफ्तों में हमारे घर से जाने से पहले मैं संजना की वित्तीय आकांक्षाओं से समझौता किए बिना उसे अपने पैसे को संभालने के लिए वित्तीय रूप से सक्षम होने या करने की उम्मीद कर रहा हूं। मैं उसे यह समझाना चाहता हूं कि वित्तीय समझदारी भी उतनी ही जरूरी है और उसे सिर्फ खर्च करने के बारे में नहीं सोचना चाहिए बल्कि आने वाले सालों में भी पैसे के बारे में भी सोचना चाहिए। अंत में, उन लोगों से पैसे के बचत के बारे में बात करें जो ऐसा कर चुके हैं। हो सकता है वहां आपको सर्वोत्तम समाधान न मिलें, लेकिन आपको इतना आइडिया जरूर मिल जाएगा और ये भी जानने के तरीके मिलेंगे कि लोगों ने चीजों को कैसे मैनेज किया है। आप वित्तीय उत्पाद बेचने वालों के इतर उन लोगों की सेवाओं का भी उपयोग कर सॉल्यूशंस प्रदान करते हैं। इसलिए, किसी ऐसे वित्तीय प्लानर से बात करें जो आपकी वित्तीय आकांक्षाओं और लक्ष्यों, वर्तमान आय और खर्चों को समझे और फिर आपको कोई रास्ता सुझाए।

भविष्य की जरूरतों का अभी से रखें ध्यान

युवा अपनी भविष्य की वित्तीय जरूरतों जैसे यात्रा, किराया, सेवानिवृत्ति और घर खरीदने के लिए अभी से बचत करना शुरू कर दें। एक बार जब आप वित्तीय जरूरतों की कल्पना करना शुरू कर देंगे, तो लक्ष्य निर्धारित करने में सक्षम होंगे और एक टाइम लाइन के साथ कुछ पैसा जमा करना शुरू करेंगे।

मान लीजिए, इस साल के अंत में जो कार खरीदना चाहते हैं, उसके डाउन पेमेंट के लिए 2 लाख रुपये की जरूरत है। आपके पास इसके लिए 6 से 8 महीने हैं तो उसी हिसाब से आप पैसे बचाने लगते हैं।

एक बार जब आप लक्ष्यों के लिए ऐसी समय-सीमा और लागत तय कर लेते हैं, तो उस प्रकार के वित्तीय साधन को शामिल करना आसान हो जाएगा जिसमें लक्ष्य प्राप्त करने के लिए पैसा लगा सकते हैं। अगर किसी वित्तीय लक्ष्य को पाने की योजना जल्द बनाते हैं तो हर महीने कम पैसे की बचत की जरूरत होगी।

नारायण कृष्णमूर्ति,

मिला जुला

'सांस तक नहीं ले पा रहे...'

गाजीपुर लैंडफिल साइट के धुएं से परेशान दिल्ली-नोएडा के लोग

पूर्वी दिल्ली में गाजीपुर 'लैंडफिल' स्थल (कचरा एकत्र करने का स्थान) पर रविवार शाम लगी आग स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन गई है. आसपास का पूरा क्षेत्र बदबू एवं धुएं से भर गया. आग इस कदर भीषण रही कि धुएं का गुबार आसमान छू रहा था. इस आग की वजह से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं और लोगों को सांस लेने में घुटन हो रही है. यह धुंआ ना केवल दिल्ली बल्कि उससे सटे नोएडा और गाजियबाद के इलाकों तक फैल गया. 30 से जायदा गाडियां कल से अब तक आग पर काबू पाने में लगी हुई है.. पूरी रात आग को बुझाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन



चला है लेकिन अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है और कई हिस्से अभी भी धधक रहे हैं. फायर ब्रिगेड की 30 से ज्यादा गाडियां आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं.

परेशान लोगों ने बताई अपनी आपबीती

आग लगने से ना केवल दिल्ली के लोगों को दिक्कतें हो रही हैं बल्कि गाजियाबाद और नोएडा तक के लोगों को दिक्कत हो रही है. स्थानीय निवासी नाज़रा ने बताया फ्मैं यहां रहती हूं और धुएं से आंखों में परेशानी हो रही है.. हमें सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है. पूरी कॉलोनी परेशान है. नोएडा के रहने वाले सुमित कहते हैं, 'मुझे सांस लेने में दिक्कत हो रही है. प्रशासन लापरवाही बरत रहा है..धुएं का बुजुर्गों पर गंभीर असर होगा.'

मालदीव के संसदीय चुनाव में चीन समर्थक मुइज्जू की पार्टी की बड़ी जीत

मालदीव में हुए संसदीय चुनाव में चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने करीब दो तिहाई बहुमत के साथ शानदार जीत हासिल की है.

चुनाव परिणामों के मुताबिक, 93 सदस्यीय सदन के लिए हुए चुनावों में से 86 सीटों के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं. मुइज्जू की पार्टी ने 66 सीटें हासिल की हैं जबकि 6 सीटें निर्दलीय के खाते में गई हैं. शेष सात सीटों के नतीजे अभी घोषित नहीं हुए हैं. मुइज्जू की पीएनसी के पास पहले से ही बहुमत के 47 सीटों से

19 सीटें अधिक हैं. संसद में अभी तक सोलिह की विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के पास 44 सांसदों के साथ बहुमत था. संसद में बहुमत नहीं होने के कारण मुइज्जू के लिए नए कानून बनाने में दिक्कतें पेश आ रही थीं.

भारत के लिए झटका है

मुइज्जू की पार्टी की भारी जीत भारत के लिए भी एक झटका है, जिका मतलब है कि लोग किसी अन्य क्षेत्रीय ताकत भारत के बजाय चीन की ओर राष्ट्रपति के राजनीतिक झुकाव का समर्थन कर रहे हैं. राष्ट्रपति मुइज्जू को पिछले सितंबर में पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन के प्रॉक्सी के रूप में चुना गया था. उन्होंने अपने चुनाव के दौरान देश की 'इंडिया फर्स्ट' नीति को खत्म करने का वादा किया था.

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने डीपफेक वीडियो को लेकर दर्ज कराई एफआईआर

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह ने डीपफेक वीडियो के संबंध में पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है. रणवीर सिंह के आधिकारिक प्रवक्ता ने पुलिस में शिकायत दर्ज करने की पुष्टि करते हुए बताया कि,'हां, हमने पुलिस में शिकायत दर्ज की है और उस हैंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है जो रणवीर सिंह के एआई-जनरेटेड डीपफेक वीडियो को बढ़ावा दे रहा था. दरअसल बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह का लोकसभा के पहले चरण के मतदान से पहले एक वीडियो वायरल हुआ था



जिसमें वो कथित तौर पर पीएम मोदी पर निशाना भी साध रहे थे. लेकिन ये वीडियो डीपफेक निकला था और इसे वॉयस क्लोनिंग से बनाया गया था. असली वीडियो में रणवीर सिंह वाराणसी में अपना अनुभव साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोगों को अपनी विरासत से जोड़ने का उद्देश्य बता रहे थे. वहीं वायरल वीडियो में रणवीर सिंह कहते नजर आ रहे थे, 'मोदी जी का उद्देश्य यही था कि वो सेलिब्रेट करें हमारी दुखी जीवन और डर को, हमारी बेरोजगारी को, हमारी महंगाई को. क्योंकि भारतवर्ष अब अन्यायकाल की तरफ ऐसे बढ़ रहे हैं।

अब ष्ट्र पर भारत को ज्ञान दे रहा अमेरिका

रिपोर्ट में कहा- संविधान का हो सकता है उल्लंघन

अमेरिका संसद की एक स्वतंत्र शोध इकाई द्वारा जारी एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया कि भारत में इस वर्ष लागू किए गए नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) के प्रावधानों से भारतीय संविधान के कुछ अनुच्छेदों का उल्लंघन हो सकता है। भारत के 1955 के नागरिकता अधिनियम में संशोधन कर इस साल मार्च में CAA को लागू किया गया है।

'कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस (CRS)' की 'इन फोकस' रिपोर्ट में दावा किया गया कि CAA के प्रमुख प्रावधानों से भारतीय संविधान के कुछ अनुच्छेदों का उल्लंघन हो सकता है। CAA के तहत, 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान

के गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता मिलेगी। भारत सरकार और CAA के अन्य समर्थकों ने दावा किया है कि इसका उद्देश्य पूरी तरह से मानवीय है।

भारत सरकार ने CAA के खिलाफ की गई आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि इसे 'वोट-बैंक की राजनीति' का नाम नहीं देना चाहिए जबकि ये संकट में फंसे लोगों की मदद के लिए एक 'प्रशंसनीय पहल' है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस कानून के विरोधियों ने चेतावनी दी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी हिंदू राष्ट्रवादी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक हिंदू बहुसंख्यकवादी, मुस्लिम विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ा रही हैं, जिससे भारत को आधिकारिक रूप से धर्मनिरपेक्ष गणराज्य का दर्जा देने वाली छवि धूमिल होती है।

साथ ही इससे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानदंडों और दायित्वों का भी उल्लंघन होता है। CRS की तीन पन्नों वाली 'इन फोकस' रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि भारत सरकार द्वारा नियोजित राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और CAA कानून से से भारत के करीब 20 करोड़ मुस्लिम अल्पसंख्यकों के अधिकारों को खतरा है। सीआरएस रिपोर्ट ने अमेरिकी संसद को बताया कि वर्ष 2019 में अमेरिकी राजनयिक ने CAA के प्रति चिंता व्यक्त की थी। हालांकि, इससे भारत और अमेरिका के संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पश्चिम बंगाल में एक चुनावी रैली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत में CAA को लागू होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि CAA किसी की नागरिकता छीनने के लिए नहीं है, बल्कि यह धार्मिक आधार पर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से विस्थापित लोगों को भारतीय नागरिकता देने का कानून है।

इन 4 बीजेपी नेताओं को गिरफ्तार करना चाहती थी उद्धव सरकार, एकनाथ शिंदे ने किए बड़े खुलासे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महाविकास अघाड़ी को लेकर बड़ा दावा किया है। सीएम शिंदे का कहना है कि तब की उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली सरकार ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी की साजिश की थी, जिनमें देवेंद्र फडणवीस का नाम भी शामिल था। साथ ही उन्होंने बताया कि 'वो आदित्य ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाने की ज्यादा जल्दी में थे।'

टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पहले की एमवीए सरकार ने आशीष शेलार, गिरीश महाजन, प्रवीण दारेकर और फडणवीस को जून 2022 से पहले गिरफ्तार करने की साजिश की थी। साथ ही उन्होंने दावा किया है कि एमवीए भारतीय जनता पार्टी के कई विधायकों को अपने पाले में लाना चाहती थी।

उद्धव का सपना था सीएम बनना

सीएम शिंदे का दावा है कि एमवीए

का गठन पहले से ही तैयार योजना के तहत किया गया था और उद्धव का 'सपना' सीएम बनने का था। अखबार से बातचीत में उन्होंने कहा कि अपने पिता की तरह किंगमेकर बनने के बजाए उद्धव खुद ही किंग बनना चाहते थे। शिंदे जून-जुलाई 2022 में अविभाजित शिवसेना से अलग हो गए थे।

अपमान और आदित्य के दखल का दावा

सीएम ने दावा किया है कि एमवीए सरकार में मंत्री रहते हुए उन्हें लगातार अपमान का सामना करना पड़ा। साथ ही उन्होंने ठाकरे परिवार की तरफ से काम में दखल दिए जाने की बात भी कही है। उन्होंने कहा, 'भले ही मैं शहरी विकास मंत्री था, लेकिन मुझे कभी भी स्वतंत्र रूप से काम नहीं करने दिया गया। बगैर किसी अधिकार के यहां आदित्य ठाकरे का दखल था।' उन्होंने कहा, 'मैंने कई मौकों पर उन्हें शहरी विकास, एमएमआरडीए, सिडको और महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की बैठक लेते देखा था।' शिंदे ने कहा कि टूट से पहले ठाकरे उनसे शहरी विकास विभाग लेने की योजना तैयार कर रहे थे। उन्होंने बताया, 'नक्सलियों से धमकियों के बावजूद उन लोगों ने मुझे'+ सुरक्षा नहीं दी।'

छत्तीसगढ़ पत्रकार चेतना एकता संघ का प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न,पत्रकारों की सुरक्षा के लिए विशेष पहल

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

माता कौशल्या धाम चंदखुरी के समीप 10 किलो मीटर दुरी मे लगे नगर पंचायत खरोरा पुलिस थाना के सामने सद्भावना सतनाम भवन में छत्तीसगढ़ पत्रकार चेतन एकता संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक रखी गई थी जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश से विभिन्न संपादक,पत्रकारों जिला ब्यूरो चीफ , ब्लॉक एवं क्षेत्रीय पत्रकार साथीओ की उपस्थित में हुए जिसमे मुख्य रूप से गोविंद रात्रे प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष प्रीत लाल कुर्रेएप्रदेश सचिव धीरेंद्र कुमार जायसवाल प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र मंडले, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजू पाल, प्रदेश प्रभारी पवन बघेल, प्रदेश सह प्रभारी भूपेंद्र रात्रे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ऋषि कुमार दीवान, जिला अध्यक्ष बिलासपुर निर्मल सिंह, जिला सचिव अजय कुमार जगत जिलाध्यक्ष रायपुर दुर्गेश वर्मा जिला सचिव संतोष कुमार यादव के साथ ही विभिन्न पत्र पत्रिकाओ,प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रनिक मिडिया, वेब पोर्टल जैसे,कृष्ण लाल डहरिया संपादक,वंदनी छत्तीसगढ़, पी एल कुर्रे संपादक सृजन भूमि,सहसंपादक कृष्ण कुमार चिचखेड़े, स्टेट हेड धीरेंद्र जयसवाल एस वर्ण संदेश, राजू पाल ब्यूरो चीफ एस एस न्यूज, हरिभूमि प्रभारी,जी आर रात्रे जोहार छत्तीसगढ़ रायपुर संवाददाता,भूपेंद्र कुमार रात्रे बलौदा बाजार सडी बांग्ला दैनिक

भास्कर एजेंसी, पवन बघेल नेवरा तिल्दा छत्तीसगढ़ समाचार टीवी, दुर्गेश वर्मा मानस वार्ता दैनिक अखबार ब्यूरो चीफ रायपुर, अजय कुमार जगत सृजन भूमि ब्लॉक रिपोर्टर, निर्मल सी ध्रुव साइंस वाणी संवाददाता बिलासपुर भुवनेश्वर निराला पइद 24 दमू बिलासपुर संवाददाता मनितोष सरकार स्वास्थ्य संपादक बिलासपुर, ताराचंद कठत्रे जन्मभूमि बलौदा बाजार, चंद्र प्रकाश केयर सी पी न्यूज संपादक छत्तीसगढ़ रायपुर, आशीष पटेल संवाददाता दबंग केसरी न्यूज कुम्हारी,राजू देवदास बलौदा बाजार कसडोल, धनंजय बर्मन डीबीआर न्यूज चैनल संवाददाता, आदि अन्य साथी शामिल हुए थे कुछ साथी मौसम खराबी की वजह से वर्चुअल के द्वारा अन्य न्यूज़ के माध्यम से सहमति प्रदान की गई है तथा जो कार्य योजना पारित किया गया है उसमें अपनी सहमति प्रदान की साथी ही साथी छत्तीसगढ़ पत्रकार चेतन एकता मंच के द्वारा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

* छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून विधेयक 2023 को संचालित कराने लाने संबंधित चर्चा
* संगठन विस्तार के लिए सभी जिला में ब्लॉक स्तर पर संगठन पद अधिकारी नियुक्ति प्रस्तावित तैयार करना।
* पत्रकार के ऊपर हो रहे भेदभाव को दूर करने के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों पर सभी पत्रकारों का प्रेस क्लब की सदस्यता दिलाने में एकाधिकार प्रेस क्लब में जमा हुए लोगों के ऊपर कानूनी कार्यवाही हेतु समस्त कलेक्टर को दिशा निर्देश के आवेदन सूचना प्रेषित करना।
* पत्रकारों के ऊपर फर्जी मुकदमे मामले दर्ज करा मारपीट धमकीब्र देने वाले करने व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय धारा संहिता के अंतर्गत उक्त व्यक्तियों के ऊपर पित दर्ज कर उचित कार्यवाही।
* संगठन के द्वारा ब्लॉक तहसील व जिला स्तर पर कार्य कर रहे फ र्जी पत्रकारों की सूचना जानकारी प्लेकर भारतीय एक्ट के तहत कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित करना
* सभी पत्रकारों में जो आपसी मतभेद है उसे दूर करते हुए एक संपर्क स्थापित करने की एक अहम पहल की जाएगी। छत्तीसगढ़ पत्रकार चेतना एकता संघ भारत के द्वारा इन विभिन्न मुद्दों को सभी के समक्ष रख मीटिंग को संपन्न किया गया।

आवास एवं पर्यावरण विभाग की सचिव सुश्री आर संगीता की अगुवाई एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में महिला स्वीप कार रैली का सफल आयोजन

200 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, महिला स्वीप कार रैली: महिलाओं ने दिया मतदान का संदेश

रायपुर। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिला कार रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शाम 5 बजे शंकर नगर बीटीआई ग्राउंड से शुरू हुई और शंकर नगर टर्निंग पॉइंट, भगत सिंह चौक, घड़ी चौक, जयस्तंभ चौक, फुल चौक, आज़ाद चौक, राजकुमार कॉलेज, अनुपम गार्डन होते हुए साइंस कॉलेज पहुंच कर संपन्न हुई। रैली में शामिल विंटेज कार और ओपन जिप्सी आकर्षण का केंद्र रहे साथ ही विभिन्न थीम से सजे कारों ने दर्शकों को आकर्षित किया। रैली में आकर्षक कारों को देखकर लोग खुद को फोटो और वीडियो लेने से रोक नहीं पाए। रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार निर्धारित किया गया है। इसके लिये प्रतिभागियों ने अपने

कार में मतदाता जागरूकता स्लोगन एवं संदेश चस्पा कर के कार को आकर्षक तरीके से सजाया था।

रैली के साइंस कॉलेज मैदान में पहुंचने के बाद आयोजित कार्यक्रम में ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए हर्ष के साथ सभी को बधाई दी। उन्होंने प्रतिभागी महिलाओं से कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में आप सभी घर से बाहर निकलें और स्वीप

मतदाता के इस कार्यक्रम को सफल बनाया इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। आप सभी ने अपने कारों को बहुत अच्छे से सजाया है। पारदर्शिता के साथ सही विजेता का चयन करने हमारे निर्णायकों को समय चाहिए इसलिए विजेता के चयन उपरांत आगामी शुक्रवार को तेलीबांधा तालाब में स्वीप संध्या के आयोजन में चयनित प्रतिभागी को पुरुस्कृत किया जाएगा।

महिला कार रैली में आवास एवं पर्यावरण विभाग की सचिव सुश्री आर संगीता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों को मतदाता शपथ दिलाई। साथ ही कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री निलेश क्षीरसागर, नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री आबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप,

एडीएम श्री देवेन्द्र पटेल, एसडीएम श्री नंदकुमार चौबे सहित सभी ज़िला स्तर अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावा भारी संख्या में गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहें।

जिले के कृषक नगर निवासी सबसे उम्रदराज़, 105 वर्षीय मतदाता श्रीमती रमादेवी शुक्ला भी मतदाता जागरूकता महिला कार रैली में शामिल हुई। उन्होंने अतिथियों के साथ गुब्बारे उड़ाकर रैली का शुभारंभ किया एवं नागरिकों से मतदान करने की अपील की। महिला कार रैली में प्रतिभागियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया जाएगा। जिसमे प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को 21 हज़ार रुपये द्वितीय स्थान को11 हज़ार रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को पांच हजार एक सौ रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा।

अपराध

उरला में अवैध शराब बेचने वाला कोचिया गिरफ्तार

रायपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन लाल पटले के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा के पर्यवेक्षण में निजात अभियान के तहत अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु थाना उरला से आरोपी कालिया राउत पिता घनश्याम राउत उम्र 33 साल साकिन बजरंग नगर बीरगांव थाना उरला जिला रायपुर से 34 पौवा देशी प्लेन शराब जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

रायपुर में हुआ मौसम परिवर्तन, कई इलाकों में हुई बारिश

रायपुर। प्रदेश में मौसम के अचानक करवट लेने से लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी तूफ़ान के साथ भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

किराए के मकान में मिली युवक की लाश

रायपुर। राजधानी रायपुर के राजतालाब झंडा चौक स्थित मकान के कमरे में युवक की संदिग्ध हालत में लाश मिली है। युवक की लाश बिस्तर पर ही गले में रस्सी बंधी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल की टीम जांच कर रही है।पुलिस प्राथमिक जांच के आधार पर युवक की युवक की हत्या की आशंका जता रही है। यह मामला सिविल लाइन थाना इलाके का है। जानकारी के अनुसार पंडरी के झंडा चौक सतनामी पारा स्थित पिंटू कुमार कुमावत के राधे शयाम कुमावत भवन के सेकेंड फ्लोर में एक युवक की लाश मिली। मकान के लोगों ने स्थानीय थाने की पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने जताई हत्या की आशंका

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान रामचंद्र कुमावत के रूप में हुई है, जोकि राजस्थान के सीकर शहर का निवासी है। यहां किराए के मकान में रह रहा था। पूछताछ में पता चला कि मृतक युवक टाइल्स लगाने का काम करता था।पुलिस ने मर्ग कायम कर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी का रात्रि विश्राम : राजभवन के आसपास रहेगी कड़ी सुरक्षा

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री इस दिन राजभवन में रात्रि विश्राम करने के बाद दूसरे दिन सरगुजा जाएंगे। प्रधानमंत्री के रात्रि विश्राम को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की तैयारी तेज कर दी है।

राजभवन के आसपास बैरिकेड्स लगाए जा रहे हैं। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए पांच से छह लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। साथ ही एसपीजी के जवान प्रधानमंत्री की सुरक्षा में अलग से तैनात रहेंगे। एसएसपी के मुताबिक प्रधानमंत्री के राजभवन में रात रुकने पर यहां मार्ग को सील कर दिया जाएगा। साथ ही वैकल्पिक मार्ग के लिए रुट डायवर्ट किया जाएगा। राजभवन के

अलावा आसपास के एरिया को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सभी होटल, धर्मशाला तथा लॉज में आने वाले विजिटर्स की पुलिस ने जानकारी मंगाई है। साथ ही शहर के एंट्री पाइंट की निगरानी बढ़ाने एसएसपी ने निर्देश दिए हैं। पुलिस अफसर के मुताबिक, प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए राजभवन तथा आसपास के एरिया को सेनेटाइज कर किलेबंदी की जा रही है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए जमीन से लेकर आकाश तक निगरानी व्यवस्था की जाएगी। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए राजभवन के तीन किमी. के रेडियस को ड्रोन के लिए नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। उस दिन इस क्षेत्र में कोई ड्रोन नहीं उड़ा सकता।

मतदाताओं को वोटिंग के लिए करेंगे जागरूक

अव्वल आने वाले को मिलेगा 21 हज़ार का ईनाम

रायपुर। लोकसभा चुनाव को देखते हुए राजधानी रायपुर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कल यानि 21 अप्रैल को शाम चार बजे रायपुर में महिलाओं की ओर से महिला स्वीप कार रैली निकाली जाएगी।

इससे मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया जाएगा। अब तक 200 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीयन करा चुके हैं। आकर्षण साज सज्जा पुरस्कार दिया जाएगा। रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत 21 अप्रैल को कार रैली का आयोजन

किया गया है। रैली शंकर नगर बीटीआई ग्राउंड से प्रस्थान कर साइंस कॉलेज आगमन होकर खत्म होगी।

इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए आकर्षण पुरस्कार निर्धारित किया गया है। पुरस्कार के लिए प्रतिभागियों को अपने कार में आकर्षण साज सज्जा करना होगा साथ ही मतदाता जागरूकता के लिए स्लोगन और संदेश चस्पा करने होंगे।

इसमें प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 5 हजार 100 रुपये रखा गया है। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार के तहत दस प्रतिभागियों को 2 हजार 100 रुपये से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही लकी ड्राइवर, लकी गाड़ी, लकी गाड़ी नंबर को भी पुरस्कृत किया जायेगा। इसके लिए अब टल 200 से अधिक प्रतिभागियों ने करा चुके हैं।

भाजपा सरकार सुशासन पर विश्वास करती है-बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर। रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का जनसंपर्क जोर शोर से चल रहा है। इसी तारतम्य में रविवार को उन्होंने शहर को विभिन्न कालोनियों में जनसंपर्क किया और लोगों से समर्थन मांगा।

उनके जनसंपर्क शुरूआत मोवा से हुई यहां से अशोक रतन, सिंधु भवन, बीटीआई ग्राउंड , शंकर नगर, वीआइपी क्लब, वीआईपी कॉलोनी, शंकर नगर, मारूति सॉलिटेयर, कचना रोड में समाप्त हुई।

इस अवसर पर जगह-जगह जनसभाओं का भी आयोजन किया गया था। इन सभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सुशासन और सुरक्षा पर विश्वास करती है। छत्तीसगढ़ में 4 महीने में ही वातावरण बदल चुका

है पहले कांग्रेस कार्यकाल में रायपुर की जनता भय और अशांति के माहौल में जीती थी। राजधानी में अपराधियों का बोलबाला था। लूट हत्या, डकैती आम हो गया था। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद अब शांति का माहौल है। केंद्र में कांग्रेस सरकार होने पर ऐसा ही कुछ पूरे देश भर का माहौल था लेकिन यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद से पिछले 10 सालों में देश में आतंकवाद और दूसरे अपराधों में कमी आई है। जब राज्य या देश में शांति होती है तभी वह प्रगति करता है जिसका उदाहरण साफ है। आज दुनिया के दूसरे देशों में अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है बहुत जल्द भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो जाएगा। इसके लिए हमको एक बार फिर से रायपुर समेत पूरे देश में भाजपा को जितना है और नरेंद्र मोदी जी को पुन: प्रधानमंत्री बनाना है। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कम मतदान पर भी चिंता जताते हुए लोगों से देश हित में मतदान करने और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

आप सभी से निवेदन करूंगा कि केवल आप मुझे ही वोट ना दें बल्कि अपने दोस्तों यारों रिश्तेदारों जो कहीं भी रहता है उनको भी भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित करें आपका एक-एक वोट बहुत कीमती है।

भाजपा ने महिलाओं को दिया सम्मान

भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए जो काम किया है वह काम पिछले 50 सालों में भी कांग्रेस सरकार नहीं कर पाई। आज महिलाओं के लिए 33 फ़ीसदी आरक्षण के साथ ही उन्हें 1000 हर महीने मिल रहे है।

महिलाओं को धुएं और उससे होने वाली बीमारियों से आजादी दिलाने के लिए मोदी जी ने उज्ज्वला योजना के तहत फ्री में गैस कनेक्शन दिए हैं।देश का कोई भी व्यक्ति भूखे पेट ना रहे इसके लिए मुफ्त में 35 किलो राशन हर महीने दिया जा रहा है। पिछले 10 सालों में 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा के ऊपर आए हैं यह मोदी जी और केंद्र सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है।

आज के कार्यक्रम में सांसद सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे, जयंती भाई पटेल, छगन मुंदड़ा, रोहित साहू , स्थानीय पार्षद और हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आदर्श आचार संहिता के पालन करते हुए करें प्रचार-प्रसार

सुविधा एप के माध्यम से करें अनुमति संबंधित आनलाइन आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सोमवार की शाम 4 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों की बैठक ली गई। इस दौरान सभी अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए प्रचार-प्रसार, मतयाचना करने की बात कहते हुए निर्धारित तिथि पर व्यय लेखा अवलोकन कराने हेतु कहा गया।

सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह ने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन कराना ही इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य है। इसमें सभी को एक दूसरे पर व्यक्तिगत आक्षेप, आरोप प्रत्यारोप से बचना चाहिए। सामान्य प्रेक्षक डॉ.सिंह ने ईवीएम और वीवीपैट की विश्वसनीयता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम ईवीएम और वीवीपैट का विधानसभावार रेडमाइज्ड किया गया है। इसके बाद मतदान केंद्रों के अनुसार ईवीएम एवं वीवीपैट को आबंटन किया जाएगा। इसके ट्रांसपोर्ट करने की तिथि और रूट चार्ट की भी जानकारी सभी अभ्यार्थियों को दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी फोन अथवा मोबाइल या सर्किट हाऊस स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर निष्पक्ष रूप से रखने की बात कही।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि सभी अभ्यर्थी समान हैं। इसके लिए निष्पक्ष रूप से कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने आचार संहिता का पालन करते हुए वाहन, रैली, सभा एवं कार्यक्रम

निर्धारित तिथियों में कराएं व्यय लेखा का अवलोकन

सहित प्रचार सामग्री की निर्धारित फार्मेट में अनुमति लेने की बात कही। व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी ने लेखा जोखा व्यय एवं संभावित दायरे की जानकारी देते हुए व्यय लेखा जोखा का अवलोकन निर्धारित तिथियों पर कराने की बात कही। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश और प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को ईवीएम का सेकेण्ड रेण्डमाइजेशन होगा एवं 26 अप्रैल को रायगढ़, लैलूंगा एवं खरसिया का केआईटी में एवं धरमजयगढ़ विधानसभा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट)में ईवीएम की कमीशनिंग होगी। माकपोल प्रत्येक मतदान केंद्रों में होगा। अभ्यर्थियों द्वारा खुलवाए गए बैंक खातों से व्यय करना होगा। उन्होंने बताया कि व्यय लेखा जोखा व अवलोकन के लिए सभी अभ्यर्थी अलग से प्रतिनिधि रख सकते हैं। वाहन की अनुमति दो प्रति में प्राप्त होगी, जिसकी एक प्रति वाहनों में चस्पा करना अनिवार्य होगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के अनुसार पाम्पलेट आदि प्रचार सामग्री में मुद्रक व संख्या लिखना अनिवार्य होगा। अधिनियम 1951 की धारा 123 भारतीय दंड संहिता 171 ख से 171 झ में प्रलोभन देना अपराध है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन, प्रलोभन आदि की शिकायत सी- विजिल एप अथवा 1950 पर काल के माध्यम से करने की बात कही गई। इसी तरह स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम में अभ्यर्थियों के शामिल होने या स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम में अभ्यर्थियों के नाम लेने पर समस्त व्यय अभ्यर्थियों के खाते में जोड़ दिया जाएगा। इलेक्ट्रानिक विज्ञापन के लिए एमसीएमसी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। एमसीएमसी द्वारा पेड न्यूज की निगरानी की जाएगी। बैठक में सभी अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउड स्पीकर प्रतिबंधित

कलेक्टर गोयल ने कहा कि रात 10 से सुबह 6 बजे तक लाउड स्पीकर से प्रचार प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रचार के लिए सिर्फ लाउड स्पीकर की अनुमति दी जाती है। इसमें किसी भी तरह के पावर जोन स्पीकर के उपयोग पर उसे जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

तीन तिथियों में कराना होगा व्यय लेखा अवलोकन

लोकसभा निर्वाचन में अभ्यर्थियों के लिए 95 लाख रुपए खर्च करने की सीमा तय है। अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि 25 अप्रैल, 30 अप्रैल और 6 मई 2024 को व्यय लेखा का अवलोकन कराना होगा। निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा अवलोकन नहीं कराने पर अभ्यर्थियों को नोटिस जारी की जाएगी, जिसका जवाब उन्हें 48 घंटे के भीतर देना होगा। नोटिस के जवाब नहीं देने पर निर्वाचन आयोग द्वारा संबंधित अभ्यर्थियों पर अयोग्यता संबंधित कार्रवाई के साथ समस्त अनुमतियां निरस्त की जा सकेगी।

एक नजर

8 उपार्जन केन्द्रों में स्वीपेज प्रावधान के बाद भी धान उठाव शेष

कलेक्टर गोयल ने एसडीएम को दिए उपार्जन केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टर कक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में उपार्जित धान के निराकरण के संबंध में समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े उपस्थित रही। कलेक्टर गोयल ने खाद्य विभाग, उप आयुक्त पंजीयक, जिला विपणन अधिकारी एवं बैंक के अधिकारियों के संयुक्त बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले के कुल 16 धान उपार्जन केन्द्रों में धान का उठाव शेष है, जिनमें से 08 उपार्जन केन्द्रों में स्वीपेज प्रावधान के बाद भी धान उठाव शेष परिलक्षित हो रहा है, ऐसे धान उपार्जन केन्द्रों के भौतिक सत्यापन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को 02 दिवस में किये जाने के निर्देश दिये गये हैं तथा भौतिक सत्यापन में धान की कमी के कारण शासन को होने वाली वित्तीय हानि की वसूली संबंधित समिति के कर्मचारियों एवं सुसंगत व्यक्तियों पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक रायगढ़ को सख्त निर्देश दिये। शेष 8 उपार्जन केन्द्रों से भौतिक रूप से उपलब्ध धान को 3 दिवस के भीतर उठाव किये जाने के समयावधि निर्धारित की गई है। बैठक में डीआरसीएस सी.एस.जायसवाल, डीएमओ प्रवीण पैकरा, नोडल अपेक्स बैंक पंकज सोढ़ी, खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

वनांचल के छात्रों को घुड़सवारी विधा में पारंगत बना रहा है जिला प्रशासन

दंतेवाड़ा । बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने के लिए छात्र जीवन एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, यही समय होता है जब बच्चों के रूचि अनुरूप उनके रूझान को पहचान कर उनके भावी जीवन की दशा और दिशा को सही मार्गदर्शन दें सकते है। यु तो छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए किताबी ज्ञान के साथ-साथ खेल-कूद सहित अतिरिक्त विधाओं में भी पारंगत होने की दरकार होती है। अगर खेल-कूद की बात की जाए तो क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल, कबड्डी जैसे परंपरागत खेलों से आमतौर पर हर कोई परिचित रहता है और सीखा जा सकता है। परंतु कई विधाएं ऐसी है जिसकी सुविधा सहज ही उपलब्ध नहीं हो पाती और घुड़सवारी विधा भी एक ऐसी विधा है। परंतु जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए जावंगा स्थित एजुकेशन हब के छात्र-छात्राओं को घुड़सवारी में पारंगत करने की कवायद की जा रही है। इसके लिए राजधानी रायपुर से घोड़े एवं प्रशिक्षक की व्यवस्था की गई है, इस क्रम में जावंगा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के एकलव्य खेल परिसर में छात्रों हेतु घुड़सवारी प्रशिक्षण गत 1 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है। और छात्र-छात्राओं को सुबह और शाम दो पालियों में घुड़सवारी की बारीकियां, अश्व संचालन के तौर तरीके सिखाए जा रहे है और फिलहाल 30-30 छात्र-छात्रा घुड़सवारी प्रशिक्षण ले रहे है। घुड़सवारी प्रशिक्षण के लिए 09 घोड़े उपलब्ध कराये गये है जिनके नाम क्रमशः वेलेनटाइन, विक्टोरिया, वीनस, केस्टो, हेनरी, आशी, पीसी, सूजी एवं मिली मीटर है। घुड़सवारी सीख रही लोहंडीगुड़ा की कक्षा-9वीं की छात्रा सुखमती बैज और फरसपाल की मानसी कर्मा, नेमेड़ की बबिता पोयाम, कारली की दीपिका, ग्राम रोकेल की ललिता मुचाकी ने इस संबंध में बताया कि घुड़सवारी सीखना उनके लिए एक रोमांचक अनुभव है और अभी परीक्षा के बाद उनकी छुट्टियां चल रही है और इसका वे सदुपयोग कर रही है। साथ ही उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि घुड़सवारी सीखने का मौका मिलेगा। इसी प्रकार कक्षा 12वीं के छात्र गंगालूर से अंकित हेमला, गंजेनार के सागर भास्कर, बारसूर के भरत मंडावी, महराकरका के सूरज कवासी, दंतेवाड़ा के शंकर मंडावी का कहना था कि शुरुआत में उन्हें घोड़ो से झिझक तो हुई परंतु अब घोड़ो के नाम पुकारने पर घोड़े भी पहचानने लगे है। इस प्रशिक्षण में सभी को कुछ नया सीखने का आनन्द आ रहा है। और उन्होंने यहां घोड़ो को साधने की तमाम बारिकियां सीखा और यह पल हमेशा यादगार रहेगा। इस संबंध में खेल परिसर के अधीक्षक श्री रजनीश ओसवाल बताते है कि यहां घुड़सवारी सीखने वाले छात्र संवेदनशील ग्रामों के रहवासी है।

डिप्टी कलेक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

लोगों को दी जाने वाली सुविधा का लिया जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

डिप्टी कलेक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी हरिओम द्विवेदी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया और लोगों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्ड और ओपीडी का भी अवलोकन किया। उन्होंने मरीज की कतार में स्वयं लाईन लगाकर डॉक्टरों के द्वारा लोगों को किए गए जा रहे ईलाज पद्धति से भी अवगत हुए। उन्होंने मरीजो के प्रति डॉक्टर का व्यवहार को भी परखा साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी और सिविल सर्जन को निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजों को जिला चिकित्सालय के बाहर से दवाई खरीदने की आश्यकता पड़ती है तो रेडक्रॉस मेडिकल स्टोर से खरीदी करने के लिए डॉक्टर सलाह दे। क्योंकि रेडक्रॉस मेडिकल स्टोर शासकीय मेडिकल स्टोर है जहां उचित छूट के साथ दवाई दी जाती है। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी ने ब्लड बैंक का भी अवलोकन किया और स्वयं भी रक्तदान किए। उनके साथ में रेडक्रॉस के जिला समन्वयक रूपेश पाणिग्रही ने भी ब्लड डोनेशन किया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में समय-समय पर रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा जिले के विभिन्न जगहों में रक्तदान कैंप का आयोजन किया जाता है।

प्रभारी अधिकारी द्विवेदी एवं रेडक्रॉस के जिला समन्वयक ने किया रक्तदान

बैंक मैनेजर एवं कैशियर किसानों से धान बिक्री की रकम देने के एवज में मांग रहे थे रिश्वत

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पकड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

सहकारी बैंकों में किसानों के धान बिक्री की मोटी रकम देने के एवज में रिश्वत वसूला जाता है। ऐसे ही एक मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आज पाली के सहकारी बैंक में छापा मारकर वहां के मैनेजर एवं कैशियर को 5000 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा।

प्रार्थी रामनोहर यादव जो कि ग्राम धंवरा डोंगरी बतरा, जिला कोरबा का निवासी है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. शाखा पाली, जिला कोरबा में उसके द्वारा बेचे गये धान का भुगतान, जो लगभग 5 लाख मिलना था। लेकिन रूपये के आहरण के लिये 7500 रिश्वत की मांग बैंक मैनेजर अमित दुबे एवं कैशियर आशुतोष तिवारी द्वारा की गई थी। प्रार्थी द्वारा इसकी शिकायत एन्टी करप्शन ब्यूरो, बिलासपुर में की गई। शिकायत सत्यापन पश्चात् 24 अप्रैल 2024 को योजनाबद्ध तरीके से ट्रेप आयोजित किया गया। प्रार्थी। आरोपीगण को रिश्वत देने के लिये बैंक कार्यालय गया जहां आरोपीगण द्वारा सावधानी बरतते हुए, रिश्वती रकम न लेते हुए, 5 लाख आहरण राशि से रिश्वती रकम 5000 काटकर प्रार्थी को शेष राशि दी गई। जिस पर एसीबी की टीम द्वारा कार्यवाही कर कैशियर से रिश्वत की राशि बरामद की गई। घटना में दोनों आरोपियों की संलिप्तता पाए जाने से दोनों ही। आरोपियों के विरूद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथासंशोधित अधिनियम 2018 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

रिश्वत भ्रष्टाचार की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1064 पर करें कॉल

एन्टी करप्शन ब्यूरो, छत्तीसगढ़ के सभी नागरिकों से अपील करती हैं कि रिश्वत भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतें हमारे ई-मेल, टोल.फ्री नंबर, 1064, अथवा स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते हैं।

सीएमएचओ ने सीएचसी लैलूंगा में बैठक लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लैलूंगा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां के सभा कक्ष में बैठक लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

उन्होंने टीकाकरण, गर्भवती पंजीयन, कुष्ठ मलेरिया महामारी जैसे उल्टी, दस्त से बचने के उपाय, मातृ मृत्यु-शिशु मृत्यु दर पर रोक, एच आई वी जांच, सिकलसेल जांच, कैंसर ब्रेस्ट कैंसर, मुख कैंसर, सरवायकल कैंसर, रक्त चाप, शुगर जांच के संबंध में जनसामान्य को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने हेतु उपायों पर गहराई से समीक्षा कर निर्देश दिए। सीएमएचओ ने बढ़ती गर्मी व लू से बचाव हेतु लू के लक्षण, बचाव व उपचार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सावधानी रखने से काफी हद तक लू के चपेट से बचा जा सकता है। लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप व शरीर में पानी की कमी है। सामान्यतः दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप तेज होती है इस दौरान संभव हो सके तो धूप में जाने से बचे और पानी अधिक मात्रा में पियें। खाने में फल, जूस, दही एवं अन्य तरल पदार्थों आदि भी अधिक से अधिक मात्रा में पीने के लिये आम जनों को समझाईश दिये जाने के लिये तथा समस्त कर्मचारी को अपने मुख्यालय में रहकर ही हितग्राहियों का स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भानु पटेल, डॉ दिनेश नायक, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.लखन लाल पटेल, डॉ.डी.एस.पैंकरा, विकासखंड प्रबंधक अश्वनी साय, बी.डी.एम रवि चौधरी, बी.ई.टी.ओ पी.एस. पटनायक एवं समस्त सुपरवायजर, आर.एच.ओ महिला/ पुरूष तथा सी.एच.ओ उपस्थित रहे।

विकासखंड रायगढ़ के शासकीय शाला में समर कैंप का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विकासखंड में परीक्षा उपरांत शाला में बच्चों की उपस्थिति बनाये रखने तथा सीखने-सिखाने की प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से समर कैंप का संचालन स्व-प्रेरित शिक्षकों के द्वारा शालाओं में किया जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा अकादमिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिस हेतु बीते दिनों के एक अकादमिक बैठक का आयोजन संकुल स्तर पर किया गया था। जिसमें बच्चों के संग मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) को लेकर प्रतिदिन आयोजित किए जा सकने वाली गतिविधियों के साथ-साथ कला, खेल-कूद की गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। जिसके तहत कई शालाओं ने इस प्रक्रिया का संचालन अपनी शाला में शुरू किया गया।

जिसमें प्रतिदिन बच्चों के साथ हिन्दी, गणित एवं कला से जुड़ी कई गतिविधि संचालित हो रहे है जैसे-कहानी सुनना-सुनाना, शब्द के कहानी बनाना, अधूरी कहानी को पूरा करना, शिक्षण अधिगम सामग्री या गतिविधि से संख्या ज्ञान या संक्रिया, कार्यपत्रक का उपयोग, मिट्टी के खिलौने का निर्माण, कागज के खिलौने का निर्माण, कहानी पर चित्र निर्माण आदि शामिल है।

रीमा सेन की माँ काली का फर्स्ट लुक जारी

पीपल मीडिया फ़ैक्टरी का नया प्रोजेक्ट जिसका नाम माँ काली है। पीपुल्स मीडिया फैक्ट्री वर्तमान में विभिन्न प्रकार की कहानियों को स्क्रीन पर लाकर तेलुगु फिल्म उद्योग में धूम मचा रही है। कंपनी न केवल छोटे पैमाने की फिल्में बना रही है, बल्कि शीर्ष स्तर के नायकों के साथ बड़े बजट की परियोजनाओं में भी उतर रही है। इसके अतिरिक्त, वे कभी-कभार प्रयोगात्मक फिल्में बनाने, अपनी बहुमुखी प्रतिभा और नई कहानियों की खोज करने की इच्छा दिखाने के लिए जाने जाते हैं। पीपुल्स मीडिया फैक्ट्री की आगामी फिल्में बहुप्रतीक्षित हैं, हाल ही में रिलीज हुई फिल्म मां काली के फर्स्ट लुक पोस्टर ने काफी चर्चा पैदा कर दी है।

ईशा गुप्ता ने स्टायलिश आउटफिट में कराया बोल्ड फोटोशूट

एक्ट्रेस की हॉटनेस ने फैंस का छुड़ाया पसीना

बॉलीवुड की बोल्ड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता बाखूबी जानती हैं कि उन्हें अपने फैंस के दिलों में कैसे राज करना है. हाल ही में एक्ट्रेस ने बोल्डनेस की सारी हदें पार करते हुए बेहद सेक्सी तस्वीरें शेयर की हैं. ईशा गुप्ता ने पिस्ता कलर का डीप नेक स्टायलिश आउटफिट पहना है. न्यूड मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने हेयर ओपन रखे हैं और सेक्सी पोज दे रही हैं. साथ ही हार्ट शेप का नेकलेस उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है. एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स का पसीना छूटना लाजमी है. फैंस कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी और रेड हार्ट की बौछर कर रहे हैं. ईशा आखिरी बार प्रकाश झा की वेब सीरीज आश्रम 3 में नजर आई थीं, जिसमें उनका बेहद बोल्ड अवतार देखने को मिला था. फैंस उनके आगामी प्रोजेक्ट का बेसब्री के साथ इतजार कर रहे हैं.

बचपन में वेटरिनेरियन बनना चाहती थी नरगिस फाखरी

रॉकस्टार से लेकर मैं तेरा हीरो तक, एक्ट्रेस नरगिस फाखरी ने बॉलीवुड में अपने पूरे सफर के दौरान कई बड़ी हिट फिल्में दी हैं। रॉकस्टार गर्ल ने मद्रास कैफे, अजहर और हाउसफुल 3 जैसी कुछ फिल्मों में कई रोल्स में अभिनय करके एक एक्ट्रेस के रूप में अपनी सीमा दिखाई है।

हालांकि, उनके फैंस यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि बॉलीवुड में आने से पहले उनके लिए एक अलग करियर चॉइस क्या रही होगी? खैर, नरगिस ने हालही में खुद इसका खुलासा किया है।

नरगिस ने कहा मैं बचपन में वेटरिनेरियन बनना चाहती थी। मुझे जानवरों से प्यार है और बचपन से ही मैं उन्हें एक सुरक्षित वातावरण देना चाहती थी, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था और मैं फिल्म इंडस्ट्री में आ गई। अगर मुझे अपने जीवन पर विचार करना हो और अतीत में जाना हो तो, मैं कुछ भी नहीं बदलूंगी। इन सालों में, मुझे अपनी कला से प्यार हो गया है, मेरा मतलब है, मैं स्क्रीन पर जो चाहती हूं, वह कर सकती हूं और बन सकती हूं। यह भी मैंने अनुभव किया है प्रभावशाली फिल्में लोगों के जीवन पर असर डालती हैं। यही कारण है कि मेरी कोशिश ऐसी फिल्में करने की है, जो महत्वपूर्ण हों और हमारे रोज़मर्रा के संघर्षों से एस्केपिज्म की तरह काम करें। हाल ही में, नरगिस फाखरी खुशी से भर गईं क्योंकि मैं तेरा हीरो ने अपनी रिलीज के 10 साल पूरे कर लिए। अब, काम के मोर्चे पर, नरगिस, जिन्हें आखिरी बार टटलूबाज़ में देखा गया था, के पास दिलचस्प प्रोजेक्ट्स की एक सीरीज़ है, जिनकी घोषणा इस साल के अंत में की जाएगी।

फिल्म दो और दो प्यार और एलएसडी 2 की कमाई पहले ही दिन लाखों में सिमटी

19 अप्रैल को सिनेमाघरों में द ो विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार और एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 ने सिनेमाघरों का रुख किया।विद्या की फिल्म को चारों ओर खूब तारीफ मिली। ऐसे में कयास लगाए जा रहे थे कि यह पहले दिन टिकट खिड़की पर ठीक-ठाक शुरुआत करेगी, लेकिन फिल्म ने बहुत कम कमाई की। उधर एलएसडी 2 की हालत बॉक्स ऑफिस पर इससे भी ज्यादा खराब है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, और दो प्यार ने अपने ओपनिंग डे पर 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया है।फिल्म का बजट 40 करोड़ रुपये के करीब है। इतना ही नहीं, इस फिल्म की पहले दिन की कमाई अच्छी हो सके, इसके लिए निर्माताओं ने शुरू से ही एक टिकट के साथ एक फ्री टिकट का ऑफर रखा था।हालांकि, शनिवार और रविवार के बॉक्स ऑफिस आंकड़ों से काफी उम्मीदें की जा रही है।

उधर दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म एलएसडी 2 का हाल बॉक्स ऑफिस पर और बुरा रहा। यह पहले दिन महज 15 लाख रुपये जुटा पाई।इस फिल्म का पहला भाग हिट रहा था, जिसके बाद निर्माता एलएसडी 2 लेकर आए हैं, लेकिन फिल्म की पहले दिन की कमाई ने बुरी तरह निराश किया है।वीकेंड पर भी उम्मीद कम है कि इस फिल्म की कमाई में इतना ज्यादा उछाल आएगा।

दीपक तिजोरी की निर्देशित फिल्म टिप्सी का फर्स्ट लुक हुआ आउट, 10 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

अभिनेता दीपक तिजोरी की अगली निर्देशित फिल्म टिप्सी का फर्स्ट लुक मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है. यह फिल्म 10 मई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. फिल्म में दीपक तिजोरी के साथ अलांकृता सहई, नताशा सूरी, कविता अरोड़ा, नाजिया हुसैन और सोनिया बिर्जे प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी. टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है और फिल्म का निर्माण राजू चढ्डा और दीपक तिजोरी द्वारा किया गया है. फिल्म को पैनोरमा स्टूडियो देशभर में रिलीज करेगा. फर्स्ट लुक में सभी कलाकार समुद्र के बीच में एन्जॉय करते नजर आए हैं साथ ही बैकग्राउंड में सभी किरदारों की आवाजें आ रही थी, जिसे जानकर लग रहा है कि यह एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म होगी.

अभिनेता विशाल की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म रत्नम का ट्रेलर रिलीज़

तमिल अभिनेता विशाल बॉक्स ऑफिस पर सूखे के दौर से गुजर रहे थे लेकिन पिछले साल मार्क एंटनी की रिलीज के साथ स्थिति बदल गई। साइंस फिक्शन कॉमेडी फिल्म समय यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है और फिल्म की सफलता के बाद, विशाल अब ग्रामीण एक्शन ड्रामा रत्नम में एक बिल्कुल अलग अवतार में दिखाई देने जा रहे हैं।

रत्नम का निर्देशन फिल्म निर्माता हरि ने किया है। फिल्म के पोस्टर में विशाल को एक कटा हुआ सिर पकड़े हुए दिखाया गया है, जो वर्तमान रुझानों के अनुरूप एक हिंसक विषय का सुझाव देता है। इसके चौंकाने वाले मूल्य ने तुरंत ध्यान खींचा।

अब जब फिल्म की रिलीज की तारीख 26 अप्रैल करीब आ रही है, तो निर्माताओं ने रत्नम का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें प्रिया भवानी शंकर प्रमुख महिला के रूप में हैं। दरांती की लड़ाई, पंचलाइन, क्रोधित खलनायक, एसयूवी का काफिला, एक राजनीतिक चाल और न जाने क्या-क्या! रत्नम के ट्रेलर में वह सब कुछ है जो हम एक्शन फिल्म निर्माता के साथ जोड़ते आए हैं। आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु सीमा पर सेट फिल्म के ट्रेलर में विशाल को रत्नम के रूप में पेश किया गया है, जो प्रतिशोध लेने वाला व्यक्ति है, जो प्रिया भवानी शंकर के चरित्र पर हमला करने के लिए ठगों को भेजने के बाद शक्तिशाली विरोधियों का सामना करने के लिए मजबूर होता है। अधिकांश कार्रवाई सड़क पर होती है। इन विरोधियों की पहचान और लड़की की सुरक्षा के लिए रत्नम का मकसद रहस्यमय बना हुआ है। रत्नम के 26 अप्रैल को तमिल के साथ-साथ तेलुगु में रिलीज होने के बाद इन सवालों का जवाब मिल जाएगा।

खेल

कोलकाता। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 17वें सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एक रन से करीबी हार मिली। टीम के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स ने 222 रन बनाकर हराया। यह चच का सीजन में तीसरा 220 से ज्यादा का स्कोर रहा। वहीं रन के अंतर से RCB की यह सबसे छोटी हार रही। RCB के विराट कोहली ने मैच में 2 सिक्स लगाए, इसी के साथ उनके 250 IPL सिक्स भी पूरे हो गए। सुनील नरेन एक IPL टीम से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।

पहली बार एक रन से हारी आरसीबी

कोलकाता ने तीसरा 220+ स्कोर बनाया, कोहली के 250 IPL सिक्स पूरे

3 विकेट गिरने के बाद KKR ने सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर बनाया

कोलकाता नाइट राइडर्स ने पावरप्ले में 3 विकेट गिरने के बाद भी 75 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। यह 3 विकेट गिरने के बाद सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इससे पहले मुंबई ने 2023 में गुजरात के खिलाफ 72 रन बनाए थे।

KKR ने RCB के खिलाफ अपना बेस्ट स्कोर बनाया

कोलकाता ने बेंगलुरु के खिलाफ अपने बेस्ट IPL स्कोर की बराबरी की। टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए। इससे पहले 2008 में IPL के पहले ही मैच में टीम ने बेंगलुरु के मैदान पर 3 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए थे। तब ब्रेंडन मैक्कुलम ने 158 रन की पारी खेली थी। कोलकाता नाइट राइडर्स ने 17वें सीजन में तीसरी बार 220 से ज्यादा रन का स्कोर खड़ा किया। इससे पहले टीम ने राजस्थान के खिलाफ कोलकाता में ही 224 रन बनाए थे। वहीं टीम दिल्ली के खिलाफ विशाखापट्टनम में 262 रन का स्कोर भी खड़ा कर चुकी है। IPL के एक सीजन में 3 बार 220 से ज्यादा का स्कोर बनाने वाली KKR तीसरी ही टीम बनी। स्क्रा। इसी सीजन में 3 बार 250 से ज्यादा के स्कोर बना चुकी है। वहीं CSK ने 2023 में 3 बार 220 से ज्यादा रन के स्कोर खड़े किए थे। सुनील नरेन ने RCB के खिलाफ 34 रन देकर 2 विकेट लिए, इसी के साथ उनके IPL में 172 विकेट पूरे हो गए। हर बार वह KKR का ही हिस्सा रहे हैं। इसी के साथ वह एक टीम से सबसे ज्यादा IPL विकेट लेने वाले प्लेयर भी बन गए।

3 विकेट गिरने के बाद IPL में बेस्ट पावरप्ले स्कोर

स्कोर	टीम	खिलाफ	कब
75/3	KKR	RCB	2024
72/3	MI	GT	2023
71/3	MI	RR	2014
65/3	RR	GT	2022

एक नजर

कोहली आउट हुए तो अंपायर से बहस की

विराट ने फैंस से प्रैंक भी किया, एक रन से करीबी मुकाबला हारी RCB

कोलकाता। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का छठा डबल हेडर आज खेला गया। कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हरा दिया। कोलकाता ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 222 रन बनाए। बेंगलुरु 20 ओवर में 221 रन ही बना सकी। रविवार को मुकाबले में आउट होने के बाद RCB के विराट कोहली फील्ड अंपायर से बहस करते नजर आए। उनके आउट पर विवाद भी खड़ा हो गया। इससे पहले, मैच की शुरुआत में फील्डिंग करने उतरे कोहली ने फैंस के साथ प्रैंक किया। वे नई बॉल लेकर बॉलिंग रन-अप पर गए और फैंस को लगा कि विराट नई बॉल से ओवर डाल रहे हैं। बाद में मोहम्मद सिराज ने पहला ओवर डाला। यश दयाल की यॉर्कर से सुनील नरेल चोटिल हो गए। वहीं, छठे ओवर की आखिरी बॉल पर कैमरन ग्रीन ने एक हाथ से फ्लाइंग कैच पकड़ा। हालांकि फॉलो-थ्रू में उनसे कैच ड्रॉप भी हुआ। बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। जब टीम फील्डिंग करने उतरी तो विराट कोहली ने फैंस के साथ प्रैंक किया। वे नई बॉल लेकर बॉलिंग रन-अप पर चले गए। यहां फैंस को लगा कि विराट पहला ओवर डाल रहे हैं। हालांकि बाद में मोहम्मद सिराज ने नई बॉल से पहला ओवर डाला।

पंजाब ने रिव्यू में गंवाए 2 विकेट

हरप्रीत भाटिया DRS के कारण ही बचे, मिलर ने छोड़ा कैच

मुल्लांपुर। इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में गुजरात टाइटंस को चौथी जीत मिली। टीम ने पंजाब किंग्स को 3 विकेट से हरा दिया। पंजाब के हरप्रीत भाटिया DRS में बचे लेकिन 20वें ओवर की आखिरी बॉल पर रनआउट हो गए। पंजाब के 2 बैटर्स DRS के कारण आउट भी हुए। गुजरात के डेविड मिलर ने हरप्रीत बरार का कैच छोड़ा, वहीं राहुल तेवतिया ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।

पंजाब किंग्स के 2 बैटर्स DRS के कारण आउट हो गए, पहले राइली रूसो रहे, वहीं दूसरे कप्तान सैम करन रहे। 7वें ओवर की आखिरी बॉल नूर अहमद ने लेग स्टंप पर गुड लेंथ फेंकी। बॉल रूसो के पैड्स पर लगी, गुजरात ने LBW की अपील की लेकिन अंपायर ने नॉटआउट दिया। गुजरात ने रिव्यू लिया और रूसो को 9 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटना पड़ा।

8वें ओवर में फिर राशिद खान ने सैम करन के खिलाफ लेग स्टंप पर गुड लेंथ बॉल फेंकी। गुजरात ने फिर LBW की अपील की, लेकिन अंपायर ने नॉटआउट का फैसला सुनाया। टीम ने रिव्यू लिया और अब करन को 20 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटना पड़ा। पंजाब के जहां 2 बैटर्स DRS के कारण आउट हुए, वहीं हरप्रीत भाटिया DRS के कारण ही बच गए। 17वें ओवर की पहली बॉल शाहरुख खान ने गुड लेंथ पर फेंकी, बॉल सीधे भाटिया के पैड्स पर लगी।

डी गुकेश कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी

17 साल की उम्र में जीता, विश्वनाथन आनंद के बाद टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय

भारत के 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया। वे वर्ल्ड खिताब के लिए सबसे कम उम्र में चुनौती देने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। अब वर्ल्ड चैंपियन खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी।

अब गुकेश वर्ल्ड चैंपियन खिताब के लिए इस साल के आखिर में चीन के डिंग लिरेन से भिड़ेंगे। हालांकि यह मुकाबला कब होगा और कहां खेला जाएगा, इसकी घोषणा नहीं की गई है।

गुकेश को टूर्नामेंट में 14 में से 9 अंक मिले

गुकेश ने टूर्नामेंट में 14 में से 9 अंक हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया। उन्होंने टूर्नामेंट के अपने आखिरी मुकाबले में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के खिलाफ ड्रॉ खेला।

इससे उनके अंक 8.5 से बढ़ कर 9 हो गए। वहीं उन्होंने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर अपने पॉइंट 8.5 कर लिए थे। अलीरेजा को हराने के साथ ही गुकेश ने टूर्नामेंट में नेपोमनियाच्ची, नाकामुरा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना से हाफ अंक की बढ़त ले ली थी।

गुकेश यह टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय

गुकेश यह टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। उनसे पहले पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने 2014 में यह टूर्नामेंट जीता था। तब वे 45 साल के थे। गुकेश ने जीत के बाद कहा, बहुत खुशी हो रही है। मैं उस रोमांचक खेल (फैबियो कारुआना और इयान नेपोमनिआचची के बीच) को देख रहा था, फिर मैं अपने सहयोगी (ग्रिगोरी गैजेव्स्की) के साथ टहलने गया, मुझे लगता है कि इससे मदद मिली।

बलराज ने रोइंग में भारत को पहला ओलिंपिक कोटा दिलवाया

नारायण -अनीता ने पैरा मिक्स्ड डबल्स में पेरिस के लिए कटवाया टिकट

बलराज पंवार ने रोइंग में भारत के लिए पहला कोटा हासिल किया है। वहीं पैरा मिक्स्ड डबल्स में नारायण कोंगनापल्ले और अनीता की जोड़ी ने भी पेरिस में होने वाले पैरा ओलिंपिक के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। साउथ कोरिया के चुंगजू में आयोजित एशियाई ओलिंपिक क्वालिफायर में मेंस सिंगल्स के स्कल इवेंट में बलराज तीसरे स्थान पर रहे। इसके साथ ही उन्होंने रोइंग में भारत को पहला कोटा दिलावाया। उन्होंने 2000 मीटर रेस में 7 मिनट 01.27 सेकेंड का समय लेकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। स्कल के इस इवेंट में टॉप पांच खिलाड़ी को ओलिंपिक कोटा मिलना था। ऐसे में बलराज को तीसरे स्थान पर रहने के कारण कोटा मिला। वहीं उज्जवल कुमार और अरविंद सिंह पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स में कोटा हासिल नहीं कर सके। भारत ने टोक्यो ओलिंपिक में इस इवेंट में हिस्सा लिया था।

सामान्य प्रेक्षक डॉ.अंशज सिंह पहुंचे केआईटी स्ट्रांग रूम परिसर

निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह आज केआईटी स्ट्रॉन्ग रूम परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य संपन्न कराने हेतु मशीनों के आवागमन, मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था, मतदान सामग्री वापसी की व्यवस्था, आवश्यक मूवमेंट, मतगणना स्थल एवं पहुंच मार्ग जैसे व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

सामान्य प्रेक्षक डॉ.अंशज सिंह केआईटी स्ट्रॉन्ग रूम परिसर गढ़उमरिया में स्थित चारों विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में मशीनों के रखने के पश्चात जनप्रतिनिधियों के द्वारा किए गए चस्पा हस्ताक्षर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम परिसर में सुरक्षा हेतु लगाए गए सीसी टीवी

- मतदान दल, सामग्री मूवमेंट और सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी
- मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, निर्वाचक नामावली का किया अवलोकन

कैमरे की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं की जानकारी लेने पर अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने बताया कि चारों विधान सभा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम के सामने एवं कॉरिडोर में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इसके साथ ही सिक्योरिटी हेतु फोर्स भी तैनात किए गए है। इसी प्रकार मशीनों के मूवमेंट के लिए विधानसभावार अलग-अलग कॉरिडोर तय किया गया है। कॉरिडोर में अभ्यर्थियों के आवाजाही हेतु आवश्यक बेरिकेटिंग सुनिश्चित की जाती है, ताकि अन्य विधानसभाओं के कक्ष अनावश्यक प्रभावित न हो। सामान्य प्रेक्षक डॉ.सिंह ने विधानसभाओं के लिए बनाए गए मतगणना स्थल एवं टेबुलेशन कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसी टीवी कैमरा के मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं कॉरिडोर में लगे सीसी टीवी कैमरे का अवलोकन किया। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम परिसर में लगे सीसी टीवी कैमरे के निगरानी हेतु राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। इसी प्रकार सामग्री वितरण हेतु परिसर में विधानसभावार स्टॉल के साथ ही पार्किंग की व्यवस्था की जाती है।

सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह ने रायगढ़ विधानसभा अंतर्गत आने वाले विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने जतन केन्द्र स्थित संगवारी मतदान केंद्र क्रमांक 113, स्टेडियम परिसर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 57, 55 तथा आयुष अस्पताल स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 75, 75, 81 एवं 110 पहुंचे। यहां उन्होंने बीएलओ से निर्वाचक नामावली की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विलोपित नामों के संबंध में जानकारी लेने पर संबंधित बीएलओ ने बताया कि व्यक्ति के स्थानांतरण, मृत अथवा विवाह होने के पश्चात उनके आवेदन के फलस्वरूप विलोपित किया गया। इस दौरान उन्होंने पर्ची वितरण के संबंध में भी जानकारी ली। बीएलओ ने बताया कि पर्ची वितरण का कार्य जारी है, जो अतिशीघ्र पूर्ण हो जाएगा।

एक नजर

रामधाट में हनुमान जन्मोत्सव आज

बालोद। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर रामधाट बालोद में श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम 23 अप्रैल मंगलवार को रखा गया है। इसमें हनुमानजी का पूजन एवं प्रसाद वितरण का कार्यकम रखा गया है।

श्रीमती जनक दुलारी देशमुख सचिव रामधाट सेवा समिति बालोद ने बताया कि यहां प्रतिवर्ष धूम धाम के साथ हनुमान जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा रामायण पाठ भी प्रस्तुत किया जाएगा। राम जन्मोत्सव के अवसर पर काफी संख्या में यहां श्रद्धालु उपस्थित होकर पूजन अर्चन करते हैं। सुबह से ही श्रद्धालु यहां पहुंच कर तांदुला नदी में पवित्र स्नान करते हैं।

लोजपा ने दिया भाजपा को समर्थन

बालोद। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष शरद पांडे के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन दिया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री रायपुर लोकसभा के सांसद प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को प्रदेश अध्यक्ष पांडे प्रदेश महासचिव मुकेश वर्मा प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती हेमा वर्मा प्रदेश अध्यक्ष युवा तोमन लाल साहू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष लेबर सेल संतोष शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष लेबर सेल किशोर वर्मा जी जिला अध्यक्ष बालोद बुधराम साहू जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रीति साहू बालोद रायपुर जिला अध्यक्ष समीम खान आदि लोजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने बृजमोहन अग्रवाल की जीत सुनिश्चित करने अपना समर्थन दिया।

डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केन्द्र स्थापित

जांजगीर-चांपा / लोकसभा सामान्य निवाचन-2024 निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी कर्मचारियों, अधिकारिया एवं अनुपस्थित-अनिवार्य सेवा के निर्वाचक के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा बल, कोटवार एवं अन्य जिले के अधिकारी, कर्मचारी के लिए 29 अप्रैल से 3 मई प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक नवीन ऑडिटोरियम भवन जिला पंचायत के बाजू में जांजगीर, जिले के मतदान कर्मी 29 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 01 जांजगीर, अनिवार्य सेवा के मतदाता कर्मचारियों पोस्टल वोटिंग सेंटर, रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय जांजगीर में 01 मई से 3 मई तक प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक एवं जिले के छुटे हुए अन्य मतदाता 04 मई से 06 मई तक प्रात: 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक पोस्टल वोटिंग सेंटर, रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय जांजगीर में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मतदान दलों एवं माइक्रो ऑब्ज़र्वर का द्वितीय रेण्डमाइजेशन

जांजगीर-चांपा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जांजगीर-चांपा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 03 अंतर्गत मतदान दलों एवं माइक्रो ऑब्ज़र्वर का द्वितीय रेण्डमाइजेशन की कार्यवाही कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक श्री सौरभ स्वामी, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की उपस्थिति में किया गया। बैठक में सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर श्री एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल राबटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित सर्व एसडीएम एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

मतदाताओं को जागरूक करने कलेक्टर सहित जिले की महिलाओं ने चलाई स्कूटी

धमतरी। लो वोटर टर्न आउट वाले मतदान केंद्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्कूटी चलाकर जिले के मतदाताओं को जागरूक करने निकलीं।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में अनेक स्वीप गतिविधियां जैसे स्वीप रंगोली, कलश यात्रा, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, प्रहसन, पेंटिंग, मेहंदी सजाने सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने स्कूल रैली निकाली गई, जिसकी नेतृत्व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने किया।

कलेक्टोरेट परिसर से निकाली गई मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली अम्बेडकर चौक, रत्नाबांधा चौक, घड़ी चौक, सदर बाजार होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर के पास सम्पन्न हुई। रैली के साथ ही साथ महिलाओं ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, उम्र 18 पूरी है, वोट देना जरूरी है,

जिला धमतरी वोट सर्वोपरी, प्रजातंत्र की है पहचान, उंगली पर हो एक निशान, सशक्त लोकतंत्र में पहचान, सशक्त नारी, शत-प्रतिशत मतदान का भी नारा लगाया। इस मौके पर कलेक्टर सुश्री गांधी ने जिलेवासियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। रैली में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का, परियोजना अधिकारी श्रीमती चित्ररेखा यादव, श्री शैलेन्द्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

आज खरसिया में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

विशाल निशान यात्रा, मनोरम जन्मोत्सव व 21000 पुष्पो से महाभिषेक आकर्षण का केंद्र

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी धर्म की नगरी खरसिया के हृदय स्थल गंज बाजार में स्तिथ भक्त शिरोमणि के सबसे प्राचीनतम दरबार में रघुपति राघव राजाराम के परम् भक्त हनुमान का जन्मोत्सव आज बड़े ही धूमधाम व भव्य रूप से मनाया जाएगा।

बाबा के जन्मोत्सव को भव्यता प्रदान करने हेतु नगर के प्रत्येक नागरिक में उत्साह देखने को मिल रहा है। मारुतिनंदन के जन्मोत्सव को बड़े हर्ष और उल्लास से मनाने हेतु पूरे गंजबाज़ार व मंदिर को सजाया जा रहा है। पुरानी हटरी स्तिथ सभी वृक्षों पर आकर्षक लाइट लगाई जा रही है वही मंदिर प्रांगण को फूलों से सजाया जा रहा है। अंजनीसुत हनुमान मंदिर के पूजरिद्वय विक्की व बिट्टू शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत आज प्रात: 7:30 बजे अतुलित बल के स्वामी महावीर बजरंगबली की आरती के साथ होगा जिसके पश्चात 8 बजे अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की जावेगी। इसके बाद 9 बजे हनुमान मंदिर प्रांगड़ से विशाल निशान यात्रा निकाली



जाएगी जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए 12 बजे वापस हनुमान मंदिर पहुंचेगी जिसके बाद भक्तों द्वारा चिरंजीवी मारुति के दरबार मे मनोकामना अर्जी लगाई जाएगी और बाबा की आरती की जावेगी। हनुमान सेवा समिति के प्रचार मंत्री योगेश कबुलपुरिया ने आगे बताया कि शाम 4 बजे रघुपति के प्रिय भक्त श्री हनुमान लला का जन्मदिन बहुत ही धूमधाम और आतिशबाजी के साथ मनाया जाएगा इसके उपरांत श्रीधाम वृंदावन से पधारे आचार्य राजू के द्वारा हनुमत रहस्य पर चर्चा की जाएगी। तत्पश्चात सायं 7 बजे संध्या काल की आरती की जावेगी।

विश्व विख्यात भजन गायको के मधुर भजनों में झूमेंगे भक्त

सियाराम सखा मंडल के मनोज गोयलए अंकित बंसलए दीपक अग्रवालए हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि शाम की 7 बजे बाबा की आरती के बाद विश्व स्तर के भजन गायकों जिसमे भगवा रंग फेम शहनाज अख्तर व कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं जैसे भजन के रचयिता व गायक कुमार विशु भटनागर द्वारा भजनों की वर्षा की जावेगी जो प्रभु इक्छा तक निरंतर जारी रहेगी। जगन्नाथ शर्मा, राजू सपोसवाल, राजू कबुलपुरिया, संतोष छपारिया ने बताया कि कल 24 अप्रैल को शाम 5 बजे वृंदावन से पधारे परम् श्रद्धेय आचार्य राजू महाराज की उपस्थिति में हनुमान जी का 21000 पुष्पों से महा अभिषेक एवं पुष्प अर्चना महोत्सव मनाया जाएगा जिसमे समस्त भक्तों, नगरवासियों एवं हनुमान भक्तों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। योगेश कबुलपुरिया ने कहा कि सियाराम सखा मंडल द्वारा निरंतर अनेकों धार्मिक आयोजन किये जा रहे है इसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं। योगेश कबुलपुरिया ने आगे बताया कि समस्त कार्यक्रमों में पधारे भक्तों के लिए वाहन की पार्किंग हेतु भी व्यवस्था की गई है जिसके लिए रेलवे स्टेशन, टाउन हॉल मैदान एवं मोहपाली में गाड़ी पार्किंग हेतु सुरक्षित रहेगी। वही निकले महादेव मंदिर एवं दीपक मेडिकल सामने से भक्तो के लिए पैदल आवागमन हेतु स्वागत द्वार होंगे।

भाजपाई नहीं जुटा पाये योगी आदित्यनाथ की जनसभा में भीड़

कुर्सियां रही खाली बीजेपी में चिंता की लकीर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोरबा के सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चुनावी आम सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम आयोजित था। लेकिन भाजपाई कार्यक्रम में भीड़ नहीं जुटा पाए सैकड़ों की तादात में कुर्सियां खाली रही वही भीड़ की कमी के कारण कई कुर्सियों के बंडल तक नहीं खुल पाए, भीड़ की कमी के कारण योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम के टाइम को भी आगे बढ़ाया गया भीड़ की कमी को देखते हुए भाजपाइयों में चिंता की लकीर देखी गई।

सभा को संबोधित करने पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार को जमकर कोसा वहीं केंद्र की मोदी सरकार और उनकी योजनाओं की जमकर तारीफ की वही राम के नाम पर जनता को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल बताया, आगे उन्होंने कहा कि 2014 के पहले आतंकवादी कहीं भी घुसकर विस्फोट कर देते थे लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद अगर कहीं धोखे से भी पटाखा फूट गया तो पाकिस्तान पहले से सफाई दे देता है कि हमने कुछ नहीं किया है उसे पता है कि अगर किसी भी धमाके में पाकिस्तान का हाथ आया तो भारतीय सेना घर में घुसकर प्रहार करेगी।

वाशिंग मशीन में करप्टेड जाते हैं उधर से निष्कलंक होकर निकलते हैं-ज्योत्सना

जब जरूरत थी तब कहां थी सरोज पाण्डेय, जनता का 12 करोड़ कहां छिपा कर रखा था

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपने सघन जनसंपर्क व दौरे की कड़ी में वार्डों में पहुंचकर कांग्रेस की सरकार कोरबा व केन्द्र में बनाने का आह्वान किया। सांसद ने नगर पालिक निगम के वार्ड 4 देवांगनपारा, एमपी नगर सहित दीपका आदि क्षेत्रों में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। सांसद ने भाजपा प्रत्याशी द्वारा लगातार किए जा रहे व्यक्तिगत हमले पर कहा कि यहां जो आई हैं वो पहले कहां थी। उनका अता है न पता। पहले वे अपना पता बताएं। मुझे कोसने के अलावा और कर क्या रहीं हैं, कोरोना के समय ये कहां थी जब जनता को जरूरत थी। अभी आकर 12

करोड़ रुपए दे दिया तो बताये ये रुपए इतने दिनों तक क्यों और कहां किसके लिए छिपा कर रखी थीं। मुझ पर भ्रष्टाचार का आरोप लगातीं है लेकिन जो भ्रष्टों की सरकार बनाकर रखें है, एक तरफ वाशिंग मशीन में करप्टेड जाते हैं और उधर से निष्कलंक होकर निकलते हैं। उन्होंने कितना भ्रष्टाचार किया है ये जनता जानती है और मुझ पर आरोप साबित करके दिखाएं। सांसद ने कहा कि जो इंसान एक महिला की इज्जत नहीं करता वह देश की महिलाओं की क्या इज्जत करेगा, इसलिए महिलाओं को अपने सम्मान की रक्षा के लिए कांग्रेस को चुनना है। कांग्रेस की सरकार में 20 करोड़ जनता गरीब थी और इन्होंने 10 साल में 80 करोड़ गरीब बना दिए तो विकास कहां है। ऐसी 10 साल की सरकार को अब बदलना है। उन्होंने कहा कि अत्याचार और तानाशाही खत्म करने के लिए कांग्रेस को चुनना है वरना 400 पार का नारा बताता है कि इनकी नीयत खराब हो चुकी है और लोकतंत्र व संविधान खतरे में है। सांसद ने कांग्रेस के 5 न्याय और 25 गारंटी के तहत दिए जाने वाले लाभ की जानकारी उपस्थित लोगों को दी और कांग्रेस को कोरबा से लेकर दिल्ली तक आशीर्वाद देने का आग्रह किया। सांसद ने दीपका में ब्लाक कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन भी किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, ब्लाक अध्यक्ष संतोष राठौर, उषा तिवारी, तनवीर अहमद, गोपाल ऋषिकर भारती, घासीराम अनंत, सहित स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण भी उपस्थित रहे।

दिवंगत हुए परिवारजनों की स्मृति में समाजिक भवन निर्माण कार्य के लिए गढ़पाले परिवार ने दिया 1 लाख दान

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

कहते हैं किसी भी समाज के लिए भवन का होना अतिआवशक होता है सरकार सभी सामाजिक भवनों के निर्माण के लिए आर्थिक रूप से मदद नही कर पाती है इसलिए यह बीड़ा समाज जनों ने ऊठाया है लेकीन इस महंगाई के जमाने में भवन बनाना बहुत ही मुस्किल हो चुका है।

ऐसे में समाज के लोगो का भी दायित्व होता है कि वे भी अपने सामाजिक भवनों के निर्माण के लिए सामाजिक और आर्थिक रूप से आगे आएं और ऐसा ही एक परिवार है जिसने आज बौद्ध समाज के समाजिक भवन के जिर्णोद्धार एवं अतिरिक्त्त निर्माण कार्य के लिए मुखर होकर 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता कर सामाजिक भावन निर्माण के लिए बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया है साथ ही और समाजिक लोगों से भावन निर्माण के लिए आर्थिक रूप से मदद करने की अपील की गई है अपको बता दें डॉ. आम्बेडकर सामुदायिक भवन सुभाषवार्ड का निर्माण आज से तीन दशक पूर्व हमारे समाजजनों द्वारा किया गया था। इतने वर्षों के अंतराल बाद अभी भवन के जिर्णोद्धार एवं अतिरिक्त्त निर्माण का कार्य सामाजिक सहयोग से चल रहा है समाज द्वारा सभी पक्षो से अपील कर अधिक से अधिक भवन निर्माण के लिए सहयोग की अपेक्षा की गई है, इसी तारतम्य में आज बीना गढ़पाले उपसंचालक मछली पालन विभाग तेलीबांधा रायपुर मूल निवासी ग्राम बाबू साल्हेटोला तह. नरहरपुर के परिवार द्वारा क्रमशः पवन गढ़पाले द्वारा अपने दिवंगत पति जीवराखन लाल गढ़पाले की स्मृति में रुपए 25000 पच्चीस हजार रुपए एवं गिरीश चंद्र गढ़पाले द्वारा अपनी बहन दिवंगत भावना गढ़पाले की स्मृति में 25000 पच्चीस हजार रूपए, तथा बीना गढ़पाले के द्वारा क्रमशः अपने दादा दिवंगत जयलाल गढ़पाले एवं दादीजी दिवंगत सागर बाई गढ़पाले की स्मृति में रुपए 20000 बीस हजार की सहयोग राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार आप ही के परिजन चिंतामणी गढ़पाले द्वारा अपनी दिवंगत माताजी गना बाई गढ़पाले की स्मृति में रुपए 15000 पन्द्रह हजार एवं अनिरुध्द गढ़पाले द्वारा अपने दिवंगत पिताजी विष्णु गढ़पाले की याद में रुपए 15000 पन्द्रह हजार की सहयोग राशि प्रदान की गई इस प्रकार आपके परिवार द्वारा कुल 100000 एक लाख रुपए की राशि भवन निर्माण में सहयोग के रूप में प्रदान की गई। वही समाज की ओर से उक्त राशि बौद्ध समाज कांकेर के संरक्षक बीरबल गढ़पाले एवं अध्यक्ष राधेश्याम गनवीर ने प्राप्त की है बौद्ध समाज कांकेर की ओर से हम सभी सहयोगियो एवं दानदाताओ का हृदय से अभिनन्दन एवं आभार प्रकट करते हैं हमे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी दानदाता अन्य सामाजिक बंधुओ की प्रेरणा बनेंगे।

एक नजर

ग्रामवासियों को पेयजल की समस्या से मिली राहत

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

जिले के दुर्गूकोंदल विकासखंड मुख्यालय में स्थापित टाइम नल के मरम्मत की बाद संबंधित क्षेत्र के घरों में पेयजल की आपूर्ति शुरू हो गई है। इससे अब ग्रामवासियों को पेयजल की समस्या से राहत मिली है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने टाइम नल की मोटर खराब होने के कारण पानी सप्लाई बाधित होने की जानकारी मिलने पर मोटर की मरम्मत के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे। इसके बाद आज दुर्गूकोंदल के खराब टाइम नल की मरम्मत कराते हुए पंचायत द्वारा नयी मोटर लगाई गई है, जिससे गांव में सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति हो रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि ग्राम दुर्गूकोंदल में जल जीवन मिशन अन्तर्गत 55 किली उच्च स्तरीय जलागार निर्माण, पाइप लाइन विस्तार और घरेलू नल कनेक्शन शुरू किया गया था। परन्तु पावर पंप खराब होने के कारण पानी सप्लाई बंद था। विभाग द्वारा उसकी मरम्मत करवाकर नवीन पावर पंप लगाया गया है, जिससे शीतलापारा, बाजारपारा एवं ऊपरपारा में पानी की सप्लाई प्रारंभ कर दी गई है तथा टाइम नल पूर्ण रूप से क्रियाशील है, जिससे ग्रामवासी संतुष्ट हैं। साथ ही ग्राम के सभी बसाहटों में स्थापित कुल 28 हैण्डपंप चालू है एवं अन्य विभाग का 12 हैण्डपंप भी स्थापित है। उल्लेखनीय है कि दुर्गूकोंदल में तीन दिनों से पानी की सप्लाई बंद होने से ग्रामीणों के पानी के लिए भटकने की खबर आई थी। जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने पेयजल आपूर्ति प्रारंभ कराने विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया था।

शासकीय मदिरा दुकान के अहाता के लिए 25 अप्रैल तक ऑनलाईन टेंडर आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

आबकारी विभाग छत्तीसगढ़ ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहातों के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किया है। अहातो हेतु इच्छुक निविदादाता निर्धारित प्रपत्र में आबकारी विभाग के वेबसाइट एक्साइज डॉट एनआईसी डॉट इन के रिसेंट पोस्ट में और राज्य शासन के वेबसाईट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन के सूचना निर्देशिका में 25 अप्रैल 2024 को शाम 5. 30 बजे तक टेंडर भर सकते हैं। इन ऑनलाईन पद्धति से प्राप्त निविदाओं में से अनुज्ञप्तिधारियों का चयन 26 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ में किया जाएगा।

प्राकृतिक आपदा में जनहानि के तीन मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 12 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के तीन मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत् 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें दुलदुला तहसील अंतर्गत ग्राम सिमड़ा निवासी महेश्वरी पैंकरा का नाला के पानी में डूबने से 12 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका निकटतम वारिस मृतिका के पिता बसंत साय हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम जुड़वाईन निवासी लालदेव राम का कुआं के पानी में डूबने से 14 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पुत्र सुखनाथ एवं ग्राम झरगावं निवासी सुगन्ती बाई का आकाशीय बिजली वज्रपात से 24 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिकर के पति रूपधर हेतु 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद ने ली अल्पसंख्यक विभाग की जिला स्तरीय बैठक

दल्लीराजहरा - अल्पसंख्यक विभाग के जिला स्तरीय बैठक में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी गफ्फार मेमन अपनी टीम के साथ सम्मलीत हुए जो की अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। विभाग के जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद विस्तार से जिले की जानकारी दी एवं कांग्रेस प्रत्यासी बीरेश ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की कार्यकर्ताओं से अपील की द्य प्रभारी गफ्फार मेनन ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया द्य बैठक में कांकेर अंजुमन के सदर मोहम्मद जावेद मेमन ,मोहम्मद गुलताज अली ,नसीम खान ,मोहम्मद फहीम खान ,प्रदेश सचिव मतीन खान ,शहनवाज खान ,जिला महासचिव हसीना बेगम जिला सचिव अमजद खान ,इमरान खान जिला उपाध्यक्ष फैज़ खान ,तंजीला खान बालोद ब्लॉक अध्यक्ष निजामुद्दीन कुरैशी एवं समस्त कार्यकर्तागण व कांग्रेसजन उपस्थित थे।

आबकारी एक्ट ,एवं अन्य अपराधिक गतिविधियो पर थाना लोहारा पुलिस की कार्यवाही

आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी प्लेन मदिरा शीलबंद 5.760 बल्क लीटर को किया गया जप्त

कवर्धा। मुखबीर सुचना पर दिनांक .... 21/04/2024 को सहसपुर लोहारा बस स्टेण्ड के पास घेराबंदी कर मुखबीर के बताये हुलिया एंव नाम के व्यक्ति आरोपी -फागुराम लोधी पिता रामाधार लोधी उम्र 48 साल साकिन कोटरा बुंदेली थाना सहसपुर लोहारा के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी मे 32 पौवा देशी प्लेन मदिरा प्रत्येक शीशी मे 180 एम एल भरी हुई शीलबंद 5.760 बल्क लीटर कीमती 2880 व शराब बिक्री रकम 460 रूपये एंव घटना मे प्रयुक्त मो0सा0 क्रमांक छ्त्त04 ।च5155 किमती 20,000 रूपये कुल जुमला 23,340 रूपये को मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर मामला अजमानतीय होने से विधिवत कार्यवाही कर थाना स0 लोहारा मे अपराध क्रमांक 116/24 आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया ।

मतदाताओं को जागरूक करने कलेक्ट्रेट में बनाया गया सेल्फी जोन

मतदाता सेल्फी जोन से हो रहे प्रेरित, सेल्फी लेकर मतदान करने कर रहे अपील

जोहहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

आगामी लोकसभा निर्वाचन.2024 के मद्देनजर जिले में मतदाता जागरूकता के लिए कई गतिविधियां संचालित किया जा रहा है। ताकि शत-प्रतिशत मतदान हो सके। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिले में 7 मई को मतदान होगा। अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए उन्हें विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी लोकसभा निर्वाचन.2024 में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नई पहल की है। इस पहल के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। जिसमें 07 मई की भोर, चलो मतदान केंद्र की ओर और शत-प्रतिशत मतदान, बढ़ेगा जशपुर का सम्मान जैसे स्लोगन, नारे के माध्मम से मतदाताओं को वोट देने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यहां आने वाले लोग सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसके अलावा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने एवं उन्हें मतदान के प्रति उत्साह जगाने के उद्देश्य से जिले भर के स्कूल कॉलेजों में कई गतिविधियां संचालित किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में बने इस आकर्षक सेल्फी प्वाइंट पर अधिकारियों-कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने सेल्फी लेकर सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया। साथ ही लोगों से अपील की कि देश के विकास में अपना योगदान दें।

उड़ान एकेडमी में मार्गदर्शन देने पहुंचे राष्ट्रपति पुरुस्कृत कवि डॉ. गोकुल प्रसाद बंजारे

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड में आगामी छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती के लिए शारीरिक प्रशिक्षण ले रहे युवक एवं युवतियों को मार्गदर्शन करने के लिए राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित कवि डॉ. गोकुल प्रसाद बंजारे नवागढ़ उड़ान एकेडमी थाना ग्राउंड में पहुंचेए सभी प्रशिक्षार्थियों ने डॉ. बंजारे का हार्दिक स्वागत किया। साथ ही साथ बंजारे ने सभी बच्चों को अपने देश भक्ति की कविता, गीतमय नाट्य, से सराबोर कर दिया। साथ ही साथ यह भी कहा की साहित्य समाज का दर्पण होता है और समाज को सुरक्षा देश एवं राज्य में ड्यूटी में तैनात पुलिस ही करते है जिसके वजह से समाज आराम से सो पाता है। हमारे देश की आंतरिक एवं बाहरी सीमा की सुरक्षा भी सेना, एवं पुलिस जवानों से ही होती है, देश की सुरक्षा में शहीद हुए जवानों के प्रति संवेदनाएं भी व्यक्त किया। शारीरिक प्रशिक्षण ले रहे सभी युवक एवं युवतियों को पुलिस में अच्छे नंबर से चयनित होने के लिए कहा एवं सभी के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रेषित किया।

सक्षम एप या 1950 डायल कर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता ले सकेंगे निःशुल्क परिवहन सेवा का लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान शत.प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिये मतदान दिवस 26 अप्रैल को दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए नि :शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

निःशुल्क परिवहन सुविधा का लाभ लेने के लिए 1950 पर डायल कर सकते हैं तथा भारत निर्वाचन आयोग के सक्षम एप के माध्यम से अनुरोध भेज सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार बूथवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन किया गया है। दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की मांग पर मतदान दिवस 26 अप्रैल को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक पहुंचाने तथा मतदान पश्चात् वापस घर तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क वाहन उपलब्ध कराया जाएगा।

उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकां को यह सुविधा देने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मतदान केन्द्र का क्लस्टरवार बनाकर चार्ट तैयार किया गया है। 26 अप्रैल मतदान के दिन प्रत्येक शहरी क्षेत्र में दिव्यांग रथ संचालित किये जाएंगे। जिसमें संबंधित नगरीय निकाय तथा जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा आपसी समन्वय कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस संबध अधिक जानकारी के लिए समाज कल्याण विभाग कांकेर और टोल फ्री नंबर 1950 से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह सुविधा ऐसे दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए फायदेमंद होगी जो वोट तो डालना चाहते हैंए लेकिन साधन और सुविधा नहीं होने के कारण घर से बाहर नहीं निकल पाते हैं। निर्वाचन में प्रत्येक मतदाता महत्वपूर्ण है और इसी महत्व को दृष्टिगत् रखते हुए पहली बार दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने व ले जाने के लिए दिव्यांग रथ चलाया जायेगा। वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाता उक्त सुविधा का लाभ लेकर लोकतंत्र के महापर्व पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

स्वीप के तहत साप्ताहिक बाजार में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस कांकेर के साप्ताहिक बाजार में डाइट के छात्र-छात्राओं के द्वारा नोडल के नेतृत्व में जागरूक रहेगा कांकेर मतदान करेगा कांकेर के नारे के साथ मतदाताओं को शत-प्रतिशत वोट करने का आग्रह किया गया। इसके बाद बाजार स्थल में ही कांकेर तहसीलदार सुरेश रॉय द्वारा अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई गई। डाइट के प्राचार्य आनंद गुप्ता, स्विप नोडल अधिकारी गिरीश कुमार गौतम कैम्पस एम्बेसडर ज्योति चौरसिया एवं पायल कौशिक, भावना भास्कर, तिमा, लेखराम, योगेश्वर, राहुल देव, ऋ षि, रुपसाय, मिलेश साहू होंगे आदि उपस्थित रहें।

नक्सली आत्म समर्पण करे अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहे-अमित शाह

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

कांग्रेस, नक्सलवाद और आतंकवाद पर जमकर बरसे कांकेर की आमसभा में देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह। उन्होंने नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते आत्म समर्पण करो या फिर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहो। देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कांकेर में आमसभा की शुरूआत क्षेत्र के देवी-देवताओं, बडादेव, बुढ़ादेव को प्रणाम करते हुए की। उन्होंने जल, जंगल, जमीन के लिए शहीद होने वाले परलकोट के जमीदार शहीद गेंदसिंह सहित अन्य आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी शहीदों को भी प्रणाम किया। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हे जिगर का टुकड़ा कहा।

शाह ने कहा कि 17 अप्रेल को देश ने वो भव्य दिन भी देखा जब 500 सालों से टेंट में बैठे भगवान श्रीराम ने अद्वितीय घर में अपना जन्मदिन मनाया। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही श्रीराम मंदिर के मामले को लटकाने, भटकाने का काम कर देश की बहुसंख्यक जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। उन्होने कहा कि कांग्रेस सहित देश की सारी विपक्षी पार्टियों को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता मिला परंतु अपने वोट बैंक की खातिर कांग्रेस ने प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता ठुकरा दिया। इन्हें सिर्फएक विशेष वर्ग के वोटों की ही चिंता रहती है। शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के सांस्कृतिक और धार्मिक पुनरूत्थान की बात करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने काशी, मथुरा, महाकाल कारिडोर का निर्माण कराया । सोमनाथ के मंदिर को पुन: सोने से मढ़ा। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के पास बताने के लिए 10 साल का ट्रैक रिकार्ड और आने वाले 25 साल का रोडमैप भी है। देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस से सवाल किया कि देश में वर्षो राज करने वाली कांग्रेस सरकार ने गरीबों के लिए क्या किया। उन्होने कहा कि हमारी सरकार ने मात्र 10 वर्षो में गरीबो के लिए जन.धन खाते खोलेए शौचालय बनायेए हर घर पानी पहूंचाने के लिए जल जीवन मिशन प्रारंभ कियाए देश के 60 करोड़ लोगों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा दी,उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर, किसानों को 6 हजार प्रतिवर्ष दिया। स्वरोजगार हेतुं युवाओं के लिए स्टार्टअप, मुद्रा योजना लागू की। गरीबो के लिये मुफ्त राशन की व्यवस्था की। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि देश के अन्य प्रांत के लोगों को कश्मीर से क्या मतलब मै कहता हूं कि पूरे देश सहित छग का बच्चा.बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे देगा। कांग्रेस ने कश्मीर को अलग.थलग करने और आतंकवाद के पोषण के लिए धारा 370 को संभाल रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद कश्मीर से एक झटके में धारा 370 को समाप्त कर दिया। आज कश्मीर में आतंकवाद में कमी आई है वहां खुशहाली लौटी है। नक्सलवाद पर प्रहार करते हुए शाह ने कहा कि देश से अब नक्सलवाद समाप्त होने को है। उन्होंने नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द आत्म समर्पण करो अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहो। उन्होने कहा कि छग में विष्ण देव साय की सरकार बनने के बाद मात्र 3 महीनों मे ही सुरक्षा बलों ने 90 नक्सलियों को मार गिराया है और सैकड़ो नक्सली गिरफ्तार होने के साथ ही कईयों ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया है। शाह ने क्षेत्र की जनता से कहा कि नक्सली विकास के दुश्मन है जब तक ये रहेंगे अंदरूनी क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य की सुविधा पहूंचाने में अडंगा लगाते रहेंगे। शाह ने कहा हमारी सरकार, पार्टी ने हमेशा आदिवासियों का सम्मान किया है। छग में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया इससे पहले ओडिसा की एक गरीब आदिवासी महिला को द्रोपद्री मुर्मु को देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति बनाया। उन्होंने कहा कि छग की सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये गारंटियों पर कार्य चालु कर महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की पात्र महिलाओं को एक हजार प्रतिमाह, किसानों का धान 31 सौ रूपये में खरीदना प्रारंभ भी कर दिया है। देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस को मिर्ची तब लगी जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वक्फसंपत्तियों के सर्वे की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व जब कांग्रेस की सरकार थी तब डॉ मनमोहन सिंह कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक एक वर्ग विशेष का है। हम कहते है कि इस देश के संसाधनों पर पहला हक देश के गरीबों, पिछड़ो, आदिवासियों सर्व समाज का है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का एकजुट, अखण्ड करने प्रगति के पथ पर ले जाने का कार्य किया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सवाल किया कि उन्होंने तब कुछ क्यों नही कहा जब केन्द्र में 10 वर्ष तक कांग्रेस की सरकार ने छग को विकास कार्यो के लिए मात्र 77 हजार करोड़ रूपये ही दिया जबकि हमारी सरकार ने 10 वर्षो के शासन में छग सरकार को विकास कार्यो के लिए 4 लाख करोड़ रूपये दिया। शाह ने कहा कि हम छग के जल्द से जल्द नक्सलवाद को उखाड़ फेंकेंगे। केन्द्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने के बाद देश के युवा, गरीब, किसान, महिलाओं उद्यमियों को फ ायदा होगा। उन्होंने जनता से आगामी 26 अप्रेल को भोजराज नाग को कमल निशान पर मुहर लगाकर दिल्ली भेजने और केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पुन: भाजपा सरकार बनाने की अपील की। इससे पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव भी कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार, लुटपाट करने और छग के विकास को बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन 5 वर्षो में कांग्रेस ने छग की दुर्गति कर दी। महादेव एप, शराब, कोयला घोटाला कर छग को बदनाम करने का काम किया। कांग्रेस की अत्याचारी सरकार ने छग को बर्बाद कर दिया इसलिए जनता ने भाजपा के वादों पर विश्वास कर पुन: छग की सत्ता भाजपा को सौंपी है। देव ने कहा कि केन्द्र की 10 वर्षो की भाजपा सरकार से गरीबों का उद्धार हुआ है। छग में जब कांग्रेस की सरकार थी तब उन्होने केन्द्र की योजनाओं को रोकने का काम किया है। इससे छग की जनता का ही नुकसान हुआ है। छग में विष्णुदेव साय के नेत्तृव में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कई गारंटियों को पुरा करने की दिशा में कार्य प्रारंभ हो गया है। प्रधानमंत्री की योजनायें सभी वर्ग के लिए है। देव ने भोजराज नाग को भारी मतों से जिताकर विजयी बनाने की अपील जनता से की।

संक्षिप्त समाचार

जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान जरूर करें-नौरतन पटेल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जन्मदिन का मौका साल में एक ऐसा मौका होता है जो बच्चों से लेकर बुजुर्ग सभी के लिए खास होता है। इस खास मौके को हर कोई अपने तरह से सेलिब्रेट करता है। इस खास मौके पर कुछ ऐसा अंदाज आज देखने को मिला आज के व्यस्तता भरे जीवन में रक्तवीर ग्रुप के सदस्य नौरतन पटेल के द्वारा अनोखी पहल देखने को मिली। जिन्होंने अपने जन्मदिन को सफल और यादगार बनने के लिए रकतदान किया और समाज से ऐसे किसी भी अवसर पर रक्तदान करनें के लिए अवाहन किया।

खराब खाद्य और औषधि की शिकायत के लिए हेल्पलाइन 9340597097 जारी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

खाद्य और औषधि प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन 9340597097 जारी किया गया है। बर्फ फैक्ट्री में सैकरीन का उपयोग करने से मितली आती है। इस कारण आइस्क्रीम खाने पर उल्टी, मितली आने की स्थिति में, लेबलिंग नहीं पाने, किसी भी प्रोडक्ट में एक्सपायरी डेट नहीं लिखने, होटल, ढाबा, ठेला द्वारा खाद्य लाइसेंस, पंजीयन नहीं और साफ सफाई की कमी होने पर, इसके साथ-साथ दवाई, खराब, नुकसानदेह, जहरीला, बासी, सड़े गले फ ल, मूल, मांस, मछली, खाद्य एवं पेय पदार्थ से सम्बंधित कोई भी शिकायत के लिए आम नागरिक हेल्पलाइन नम्बर 9340597097 पर संपर्क कर सकते हैं।

कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का नि:शुल्क प्रशिक्षण 2 मई से प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए 2 मई से शुरू होने वाले कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग के नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन वाट्सअप नंबर 7974942078 में किया जा सकता है। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का 45 दिवसीय प्रशिक्षण 2 मई 2024 से प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिये पंजीयन प्रारंभ हो चुका हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 8 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, बैंक पासबुक एवं 5 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टीवी टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी के लिये इस नम्बर पर वाट्सअप करके पंजीयन करा सकते हैं। वाट्सअप नंबर 7974942078, 8656919787, 7999984982 में संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना, खाना एवं सीखना पूर्णत: नि:शुल्क हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये 35-35 सीट निर्धारित हैं।

तारमिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन 30 अप्रैल तक

धमतरी। तारमिस्त्री परीक्षा का आयोजन आगामी जुलाई माह में किया जायेगा। इसके लिए 30 अप्रैल तक आवेदन मंगाए गए हैं। कार्यपालन अभियंता, विद्युत सुरक्षा एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक जगदलपुर के कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, धमतरी, महासमुंद और सुकमा जिले के सभी इच्छुक आवेदक वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित इस तारमिस्त्री परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए आवेदन कार्यपालन अभियंता, विद्युत सुरक्षा एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छ.ग. शासन जगदलपुर अथवा पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक-19, आजाद चौक, जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग., पिन-494001, पर भेजा जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए दूरभाष क्रमांक 07782-221019 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

जांजगीर-चांपा / भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जांजगीर-चांपा क्षेत्र लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री सौरभ स्वामी एवं पुलिस प्रेक्षक श्री बिपिन शंकर राव आहिरे, व्यय प्रेक्षक श्री पवन कुमार, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला ने आज संयुक्त रूप से स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष एवं सुरक्षा मानकों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने प्रेक्षकों को मतदान सामग्री वितरण, मतदान सामग्री वापसी की मूवमेंट, मतगणना स्थल तक पहुंच मार्ग, बिजली, सुरक्षा संबंधी, आगमन, निकासी तथा पार्किंग व्यवस्था की जानकारी दी। प्रेक्षकों ने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, निर्वाचन

संबंधी सामग्रियों का वितरण एवं वापसी, मतगणना, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा आदि कार्य की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर श्री एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी में नागरिक उपस्थित थे।

मार्निंग स्टार इंग्लिश स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

22 अप्रैल को मार्निंग स्टार इंग्लिश स्कुल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विधालय के डायरेक्टर मनोजसिंह राजपूत व प्राचार्या शालिनी राजपूत ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। कक्षा नर्सरी में प्रथम प्रतिक धनकर द्वितीय समंथा दुबे केजी 1 में प्रथम दर्शित कवाची द्वितीय रेयांश तृतीय पार्थ सेन केजी 2 प्रथम भाव्या साहू द्वितीय मोहम्मद रजा तृतीय लावन्या यादव कक्षा 1 प्रथम भूपेश पटेल द्वितीय रुद्रसिंह तृतीय समीना खातून कक्षा दूसरी में प्रथम गरिमा नेताम,द्वितीय टेलिशा ठाकुर तृतीय पूनम ठाकुर तीसरी में प्रथम रीना नेताम द्वितीय फ रहाना फ ातिमा तृतीय गोहर अली बेग कक्षा चौथी में प्रथम आर्यन विश्वकर्मा द्वितीय कहकसा नूरी, पांचवीं में प्रथम रामसिंह राजपूत द्वितीय हर्ष साहू, कक्षा छठवी में प्रथम मिथलेश सिन्हा, द्वितीय जिशान खान सातवी में प्रथम देवाशिष मंडावी, द्वितीय वंदना सारथी आठवी में प्रथम अरिबा नूरी रही। इस अवसर पर अभिभावकगण येवंत ठाकुर कालिम रजा राधिका, रोमनठाकुर, खुशबु नुरी, सलमा शबनम, सारिका सिंह मंजुलता, गुलशन साहू, नजिया, हेमलता, निम्मीशर्मा, नेमीचंद ऋ षिकेष यादद देवेश यादव शिक्षकगण नगीना खान, लीना राजपूत, रंजीता यादव, संभवी, रामकी पूजा मेघा, अंजु अनिता हिमेश्वरी गीतांजली शिवानी आदि उपस्थित थे।

आगामी मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्टर धर्मेश साहू ने तैयार किया रूपरेखा

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी स्वीप कार्यक्रमों के संबंध में समीक्षा बैठक लिया। कलेक्टर ने अब तक हो चुके मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्णक जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि स्वीप गतिविधियां कितनी प्रभावी हैं, लोगों तक उसका क्या प्रभाव पड़ा है। इस पर भी ध्यान देना होगा। हमारा अंतिम लक्ष्य मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना है। कलेक्टर को सभी अधिकारियों ने अभी तक हुए विभागीय कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु बीएलओ के माध्यम से समन्वय कर माइक्रो प्लानिंग करते हुए कौन-कौन व्यक्ति वोट नहीं डाला है। उनका डाटा निकाल कर उनको चिन्हित कर प्रेरित करने के लिए कहा। यह भी निगरानी करना है कि इससे मतदान कार्य कितना हो रहा है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से कितना प्रभाव पड़ा है, इसके बारे में स्पष्ट जानकारी मिलेगी। इसके अलावा पलायन के लिए दूसरे राज्य या जिलों में कार्यरत लोगों को चिन्हित कर उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए कहा। बैठक में सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में जानकारी दिए। एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन ने आगामी वृहद स्वीप कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी जिसमें आनलाइन शपथ पत्र, हस्ताक्षर अभियान एवं रिले रेस का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने आगामी सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं उनके उचित प्रचार प्रसार के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ अवधेश पाणिग्राही, जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, समस्त सीईओ, सीएमओ एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

फार्म हाउस में 48 वर्षीय चौकीदार की जली हुई मिली लाश

हत्या कर जलाई गई,कोटा पुलिस जांच में जुटी

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलटुकरी के फार्म हाउस में 48 वर्षीय चौकीदार की जली हुई लाश मिलने से सनसनी फैल गई। चौकीदार की लाश फ ार्म हाउस में जले हुए खाट के नीचे से मिली है।

परिजनों ने इसी जानकारी कोटा पुलिस को दी। फि लहाल कोटा पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोटा थाना क्षेत्र के बेलटुकरी गांव के फार्म हाउस में जली हुई खटिया के नीचे से व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। 48 वर्षीय चौकीदार का शव देखने के लिए ग्रामीणों का हुजूम जुट गया। ग्रामीण तरह-तरह की बातें आपस में करने लगे। मृतक की पहचान 48 वर्षीय रामफल यादव पिता स्व.लखन यादव के रूप में हुई है। मृतक रामफल यादव गांव के ही ओमकार फ ार्म हाउस में चैकीदार का काम करता था। परिजनों ने पुलिस को बतलाया कि मृतक राम फल यादव पिछले दो तीन महीने से ओमकार फार्म हाउस में चौकीदारी का काम कर रहा था।

20 अप्रैल 2024 की शाम को गाँव के ही किराना दुकान से चावल खरीद ने के बाद वह फार्म हाउस वापस आया था। गांव का चैतराम पटेल मृतक से मिलने फ ार्म हाउस गया और रामफल को आवाज लगाया पर अंदर से बकरी की आवाज आ रही थी बहुत समय तक आवाज लगाने के बाद जब फार्म हाउस के अंदर गया और फ ार्म हाउस में बने कमरे के साईड से देखा तो रामफ ल जिस खाट में सोया था उसी में जाली हुई अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसके बाद उसने इनकी जानकारी मृतक के भाई को दी।घटना की जानकारी मृतक के भाई ने कोटा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोटा पुलिस घटना स्थल पर जाकर शव का पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के गले मे धारदार हथियार से गला काटा गया है जिसके निसान नजर आ रहे है जिसके सकक्षय छुपाने शव को डीजल और बोरा डालकर जलाया गया है। चौकीदार की हत्या किस कारण से हुई और उसकी हत्या किस ने की इसकी पता तलास में कोटा पुलिस जुट गई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन**, फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in